दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चूरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 09 अंक : 295 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 25 नवम्बर, 2024 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 ■ मूल्य : 1.5 रुपए ■ पृष्ठ : 8+2

jaipurtimes.org twitter.com/JaipurTimes2 facebook.com/dainikjaipurtimes youtube.com/c/JaipurTimes instagram.com/jaipurtimesjt

न्यूज इनबॉक्स

## दिन में भी सर्दी का सितम, लुढ़क रहा पारा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** प्रदेश में अगले तीन दिनों तक मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। रात ही अब दिन के समय में भी सर्दी का असर बढ़ने लगा है। गंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर, चूरू और झुंझुनू में हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा छाए रहने की संभावना है। वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। वहीं, माउंट आबू लगातार प्रदेश का सबसे ठंडा इलाका बना हुआ है। राजस्थान से गुजर रहे ज्यादातर राष्ट्रीय राज्य मार्गों पर रविवार को कोहरे का असर देखने को मिल रहा है। जयपुर मौसम केंद्र के अनुसार NH-11 पर जयपुर-भरतपुर, जयपुर-सीकर तथा सीकर बीकानेर पर कोहरे की चेतावनी है। NH-8 पर जयपुर-अलवर मार्ग पर कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है ।NH-15 पर बीकानेर-हनुमानगढ़ और NH-65 पर नागौर-चूरू मार्ग पर कोहरे की चेतावनी जारी की गई है।

## हार से हताश माया, अब बसपा नहीं लड़ेगी कोई उप चुनाव

जयपुर टाइम्स



**लखनऊ(एजेन्सी)।** यूपी में नौ विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने अब कोई भी उपचुनाव नहीं लड़ने का एलान किया है। उन्होंने कहा कि जब तक चुनाव आयोग फर्जी मतदान रोकने के लिए कोई सख्त निर्णय नहीं उठाता है तब तक बसपा किसी भी उपचुनाव में भाग नहीं लेगी। उन्होंने कहा कि पहले बैलेट से फर्जी मतदान होते थे अब यह ईवीएम से भी होने लगा है। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया है कि सिर्फ उपचुनाव ही नहीं लड़ेंगे। बाकी चुनाव में भाग लेंगे। वहीं, बसपा सुप्रीमो मायावती के इस बयान पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि अब यूपी में उपचुनाव होने भी नहीं हैं। हालांकि, अयोध्या की मिल्कीपुर सीट पर कोर्ट का फैसला होने के बाद उपचुनाव हो सकते हैं।

## यूक्रेन के मिसाइल हमले से दहल उठा रूस, उत्तर कोरिया के 500 सैनिकों की मौत

**सियोल(एजेन्सी)।** रूस के पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र में कीव की ओर से किए गए मिसाइल हमले में 500 उत्तर कोरियाई सैनिक मारे गए। एक समाचार एजेंसी ने दावा किया कि कुर्स्क क्षेत्र पर स्टार्म शैडो मिसाइल से यूक्रेन ने हमला बोला था। उत्तर कोरिया ने रूस में 10,000 से अधिक सैनिक भेजे हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि कुर्स्क में युद्ध में शामिल उत्तर कोरियाई सैनिक हताहत हुए हैं। एक समाचार एजेंसी के अनुसार, रूस ने कुर्स्क क्षेत्र में सैन्य अभियान तेज कर दिया है। वह यूक्रेनी सेना को पीछे धकेलने में कामयाब भी हो रही है। इस अभियान के कारण यूक्रेन ने कुर्स्क में कब्जा किए गए क्षेत्र का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा खो दिया है। अगस्त में हमले के बाद लगभग 1,376 वर्ग किलोमीटर पर यूक्रेनी सेना ने नियंत्रण कर लिया था। अब यह लगभग 800 वर्ग किलोमीटर बचा है।

### आगे बढ़ रही है रूसी सेना

कुर्स्क में हमले का कीव का उद्देश्य पूर्वी और उत्तर पूर्वी यूक्रेन में रूसी हमलों को रोकना था। इसका शुरुआत में लाभ भी दिखा, लेकिन अब रूसी सेना यूक्रेन के पूर्वी डोनेट्स्क में आगे बढ़ रही है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि उनका मानना है कि रूसी राष्ट्रपति का मुख्य उद्देश्य पूरे डोनबास पर कब्जा करना था, जिसमें डोनेट्स्क और लुहान्स्क क्षेत्र शामिल हैं।

# उपचुनाव में भजनलाल ने किया ठोस रणनीति से कमाल

## इधर भाजपा में खुशी, उधर कांग्रेस में गम



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य में सुप्रीम लीडर बन गए हैं। अब उनके नेतृत्व को कोई चुनौती देने की स्थिति में नहीं है। उप चुनाव में दमदार प्रदर्शन के बाद भजनलाल शर्मा के नंबर पार्टी और शीर्ष नेताओं की नजर में बढ़ गए हैं। उप चुनाव से पहले भजनलाल सरकार को विपक्ष की ओर से घेरा जा रहा था और एक नैतिक दबाव भी भजनलाल पर था कि लोकसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे इसलिए इस बार उम्मीद ज्यादा हो गई थी। ऐसे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ठोस रणनीति, माइक्रो मैनेजमेंट, प्रत्याशी चयन सहित रैलियों, सभाओं में बेहतरीन प्रशासक होने का उदाहरण पेश किया उसके कारण भाजपा उप चुनावों में बाजी मार गई। प्रदेश में सात विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव में बीजेपी ने पांच पर धमाकेदार जीत दर्ज करवाई है। राजस्थान के ये उपचुनाव पहली विधायक बनकर सीएम बने भजनलाल शर्मा और कुछ माह पहले पार्टी की प्रदेश इकाई की बागडोर संभालने वाले मदन राठौड़ के लिए अग्नि परीक्षा माने जा रहे थे। लेकिन इन चुनावों में सात में से पांच सीटों पर जीत दर्ज कराकर दोनों ही नेता केन्द्रीय नेतृत्व के विश्वास पर खरे उतरे हैं। दोनों नेता खुद की एक सीट सलूंबर पर फिर से काबिज होकर और तीन सीटें कांग्रेस तथा एक सीट आरएलपी के जबड़े से खींचकर प्रदेश की सियासत में छा गए हैं। राजस्थान में सात सीटों पर हुए उपचुनावों में से पहले महज सलूंबर सीट ही बीजेपी के पास थी। शेष छह में से चार दौसा, झुंझुनूं, देवली उनियारा और रामगढ़ कांग्रेस के पास थी। जबकि खींवसर आरएलपी और चौरासी भारतीय आदिवासी पार्टी के पास थी। इनमें से बीते करीब दो दशक से झुंझुनूं कांग्रेस और खींवसर आरएलपी का गढ़ बनी हुई थी। लेकिन बीजेपी ने सटीक रणनीति से इन दोनों गढ़ को ढहाकर बीजेपी का परचम लहरा दिया है।

## उपचुनाव में कांग्रेस की करारी हार पर मंथन शुरू

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** विधान सभा उप चुनावों ने प्रदेश कांग्रेस को सोचने पर मजबूर कर दिया है। लोकसभा चुनावों में 11 सीटों पर जीत हासिल करने वाली उप चुनावों में एक सीट तक ही सीमित हो गई और चार सीटों पर तो कांग्रेस तीसरे नम्बर पर रही। आरोप लगाया जा रहा है कि कांग्रेस में जादूगिरी, गमछा और उड़ान कोई काम में नहीं आ सके जिसके कारण पार्टी की करारी हार हुई है। राजस्थान में 7 विधानसभा सीटों के उपचुनावों में कांग्रेस की करारी हार के बाद भारी उथल



पुथल मची हुई है। कांग्रेस के भीतर हार के कारणों का पोस्टमार्टम शुरू हो गया है। माना जा रहा है कि हार की बड़ी वजह टिकट वितरण में सांसदों पर निर्भरता और गठबंधन में चुनाव नहीं लड़ा जाना है। हार पर पार्टी स्तर पर रिपोर्ट तैयार की जा रही है, जिसे आलाकमान को भेजा जाएगा। कहा ये भी जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद इस चुनाव को कांग्रेस ने हल्के तौर पर लिया।

कांग्रेस के नेताओं का कहना है टिकट वितरण के लिए नामों की चर्चा के लिए हुई पहली बैठक में ही राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने इस बात पर ज़ोर दिया था कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया है। जो नेता विधायक से सांसद बने हैं, उनकी बड़ी भूमिका रही है। लिहाज़ा टिकट वितरण सांसदों पर ही छोड़ दिया जाए। यही कारण रहा कि टिकट वितरण को लेकर जयपुर में हुई बैठक केवल खानापूर्ति साबित हुई। टिकट वितरण से पहले सचिन पायलट की दिल्ली के हरियाणा भवन में हुई बैठक में भी प्रभारी के टिकट वितरण में फीडबैक पर कोई दिलचस्पी नहीं दिखाने की जानकारी सामने आई थी। इसके बाद कांग्रेस ने झुंझुनू में सांसद बने बृजेन्द्र ओला के पुत्र अमित ओला, देवली उनियारा में सांसद बने हरीश मीणा की सिफ़ारिश पर नए नवेले नेता केसी मीणा और दौसा में मुरारीलाल मीणा की सिफ़ारिश पर डीसी बैरवा को टिकट दिया गया। जबकि, ज़ुबैर खान के निधन से खाली हुई सीट रामगढ़ पर सहानुभूति कार्ड के चलते उनके पुत्र आर्यन ख़ान के अलावा किसी भी नाम पर विचार ही नहीं हुआ। सात सीटों में से कांग्रेस केवल दोसा की सीट पर मामूली अंतर से जीत दर्ज कर पाई है।

### परिवारवाद और कार्यकर्ताओं की अनदेखी हार का कारण

सांसदों की सिफारिश, परिवारवाद और स्थानीय कार्यकर्ताओं की अनदेखी कांग्रेस को इस बड़ी हार के तौर पर चुकानी पड़ी है। कांग्रेस के थिंक टैंक की निष्क्रियता के चलते कांग्रेस से नाराज नेताओं को मनाने की कोई गंभीर कोशिश नहीं हुई। इन चार सीट के अलावा कांग्रेस ने खींवसर सीट पर केवल हनुमान बेनीवाल को हराने के लिए आखरी समय भाजपा छुड़वाकर सवाई सिंह की पत्नी डॉ रतन को टिकट दिया गया। इस सीट पर कांग्रेस का क्या हाल हुआ है सबके सामने है। कांग्रेस को चौरासी और सलूम्बर सीट से कोई उम्मीद ही नहीं लिहाजा परिणाम पर किसी को कोई हैरानी नहीं है।

11 महीने पहले राजस्थान में सत्ता रही कांग्रेस और पांच महीने पहले लोकसभा की आठ सीट जीतने वाली कांग्रेस की इस हार से कार्यकर्ताओं में निराशा का माहौल है। ऐसे में गया है अगले साल निकाय और पंचायत चुनाव एक साथ करवाने की तैयारी में भाजपा सरकार के सामने बेहतर प्रदर्शन करना है तो राजस्थान कांग्रेस को फुल टाइम प्रभारी की जरूरत के साथ निष्क्रिय नेताओं से भी पीछा छुड़ाना होगा।

## संभल में बवाल: आगजनी व पथराव, फायरिंग में तीन की मौत

### जामा मस्जिद का सर्वे शुरू होते ही भीड़ ने की तोड़फोड़

### जामा मस्जिद की जगह बताया जा रहा हरिहर मंदिर

जयपुर टाइम्स

**संभल(निस)।** शहर में शाही जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर रविवार सुबह बवाल हो गया। तड़के पांच बजे डीएम-एसपी के साथ एडवोकेट कमिश्नर रमेश राघव मस्जिद पहुंचे। आसपास के मार्गों की नाकेबंदी कर मस्जिद में नाप शुरू की। इसकी भनक लगने पर भीड़ जुट गई। करीब सात



बजे भीड़ की ओर से पथराव होने पर पुलिस को हवाई फायरिंग करनी पड़ी। पुलिस फोर्स ने उग्र लोगों को दौड़ाया। इस बीच वाहनों में भी आग लगा दी गई। आसपास के जिलों से भी फोर्स बुला ली गई है। फायरिंग और पथराव में तीन की मौत हो गई है। इस घटना में 15 से अधिक पुलिसकर्मी भी घायल हो गए हैं। मृतकों में नईम गाजी, रुमाल खां और बिलाल अंसारी शामिल हैं। हालांकि, अभी तीन मौत की अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। करीब साढ़े 10 बजे सर्वे टीम लौट गई है। लेकिन, संभल में तनाव की स्थिति बनी हुई है। डीआइजी मुनिराज जी भी मौके पर पहुंचे। बता दें कि 19 नवंबर को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) कोर्ट में मस्जिद के हरि हर मंदिर होने का दावा किया गया था। कोर्ट ने सर्वे का आदेश दिया और वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश राघव को एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया था। उसी दिन शाम को मस्जिद में वीडियोग्राफी कराई गई थी। शहर की शाही जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने का दावा पेश किए जाने के बाद दूसरे चरण का सर्वे रविवार सुबह ही शुरू किया गया था। जैसे ही लोगों को पता लगा मस्जिद की ओर भीड़ पहुंचने लगी सुबह करीब 9 बजे भीड़ को हटाने का प्रयास किया गया तो पहले धक्का मुक्की हुई और बाद में भीड़ ने पथराव कर दिया।

### भीड़ को भगाने के लिए फायरिंग

पुलिस ने हवाई फायरिंग कर भीड़ को भगाने का प्रयास किया। बताया जाता है कि दूसरी ओर से भी फायरिंग की गई है। कड़ी सुरक्षा के बीच सर्वे पूरा हुआ और विष्णु जैन को बाहर निकाला गया। एसपी कृष्ण कुमार ने कहा है कि हंगामा सुनियोजित था और हंगामा करने वालों की पहचान की जा रही है। पुलिस वाले घायल हुए हैं उन्हें इलाज के लिए भेजा है। ड्रोन से निगरानी रखी जा रही है। न्यायालय के आदेश पर दूसरी बार वकील विष्णु शंकर जैन की अगुवाई में टीम सर्वे करने के लिए जामा मस्जिद के अंदर रविवार तड़के पहुंची थी। जामा मस्जिद व हरिहर मंदिर प्रकरण के बाद से ही शहर में शांति व सुरक्षा व्यवस्था व्यवस्था को बढ़ा दिया गया था। इसी मामले में मंगलवार को एडवोकेट कमिश्नर रमेश राघव के साथ वादी पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन और प्रतिवादी पक्ष की काफी लोग लोग मौजूद रहे।पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह भारी पुलिस बल की तैनाती के बीच संभल जिले में शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण करने पहुंची सर्वेक्षण टीम पर कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव किया। उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रशांत कुमार ने कहा कि स्थिति अब नियंत्रण में है। एक एजेंसी से बात करते हुए डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर संभल में सर्वेक्षण किया जा रहा है। कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव किया है। पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस पथराव करने वालों की पहचान करेगी और उचित कानूनी कार्यवाही करेगी। यह सर्वेक्षण वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन की ओर से दायर याचिका के बाद एक कानूनी प्रक्रिया का हिस्सा था, जिन्होंने दावा किया था कि मस्जिद मूल रूप से एक मंदिर थी। इससे पहले 19 नवंबर को भी इसी तरह का सर्वेक्षण किया गया था, जिसमें स्थानीय पुलिस और मस्जिद की प्रबंधन समिति के सदस्य प्रक्रिया की निगरानी के लिए मौजूद थे।

## स्कूल सिलेबस में बदलाव की तैयारी, पहली से 8वीं तक की किताबों में होगा संशोधन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान सरकार स्कूल के सिलेबस में बदलाव की तैयारी कर रही है। सबसे पहले क्लास एक से आठवीं तक की किताबों में बदलाव किया जाएगा। सरकार की ओर से गठित की गई पाठ्यक्रम समीक्षा समिति की पहली बैठक में कक्षा 1 से आठवीं तक की किताबों पर विस्तृत रिपोर्ट पेश कर चर्चा की जाएगी। शिक्षा मंत्री की विशेष अधिकारी सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि कक्षा एक से आठवीं तक की किताबों का निर्धारण राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद की ओर से किया जाता है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पाठ्यक्रम समीक्षा के लिए राज्य स्तर पर एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। ऐसे में जल्द ही समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें पाठ्यक्रम की समीक्षा की जाएगी। अगर समिति सिफारिश करती है तो कक्षा 1 से 8वीं तक की किताबों में संशोधन होना संभव है।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान के स्कूलों में स्टूडेंट्स किसी भी तरह से गलत तथ्यों का अध्ययन न करें। इस बात को ध्यान में रखते हुए समीक्षा समिति का गठन किया है।

### सोढ़ाणी अध्यक्ष, राठौड़ बने उपाध्यक्ष

शिक्षा विभाग की ओर से बनाई गई पाठ्यक्रम समीक्षा समिति का अध्यक्ष वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी कोटा के कुलपति और प्रोफेसर कैलाश सोडाणी को बनाया गया है। शिक्षाविद हनुमान सिंह राठौड़ समिति के उपाध्यक्ष हैं। इसके साथ ही शिक्षाविद डी रामाकृष्ण राव सलाहकार और सतीश कुमार गुप्ता सदस्य सचिव के तौर पर कार्य करेंगे। इसके साथ ही समिति में कोटा यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति और राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रोफेसर प्रमेंद्र कुमार दशोरा, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर भारत राम कुमार, शिक्षाविद श्याम सुंदर बिस्सा, जयंतीलाल खंडेलवाल, कन्हैया लाल बेरीवाल को समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।



### समिति 30 दिनों में सौंपेगी

रिपोर्ट प्रारंभिक शिक्षा (आयोजना) विभाग राजस्थान सरकार के आदेश के बाद बनी यह समीक्षा समिति राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के प्रावधानों, राज्य पाठ्यक्रम की रूपरेखा और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी स्कूली पाठ्यक्रम के सब्जेक्ट मैटर, फोटोज, स्कैच आदी की समीक्षा कर अगले 30 दिनों में अपने सुझाव राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर को सौंपेगी। यह रिपोर्ट शिक्षा मंत्री को प्रस्तुत की जाएगी। ऐसे में जल्द ही समिति की पहली बैठक में कक्षा 1 से आठवीं तक के पाठ्यक्रम में बदलाव पर चर्चा होगी।

## आईपीएल नीलामी में सबसे महंगे बिके ऋषभ पंत, दूसरे श्रेयस

**जेद्दाह (एजेन्सी)। ।** आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी की बंपर शुरुआत हुई है। ऋषभ पंत आईपीएल इतिहास में सबसे ज्यादा कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें



लखनऊ सुपर जायंट्स ने 27 करोड़ में खरीदा। उन्होंने इस मामले में श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ा। पंजाब किंग्स ने उन्हें 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा।

### कमिंस-स्टार्क पर हुई थी नोटों की बारिश

आईपीएल 2024 के लिए पिछले साल हुई मिनी नीलामी में ऑस्ट्रेलिया के विश्व विजेता कप्तान पैट कमिंस और स्टार्क पर जमकर पैसों की बारिश हुई थी और दोनों ने पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए थे। कमिंस को सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपये में खरीदा। इसके बाद करीब दो घंटे बाद ऑस्ट्रेलिया के ही तूफानी गेंदबाज मिचेल स्टार्क नीलामी टेबल पर आए और उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा।

### आईपीएल 2025 के पांच सबसे महंगे खिलाड़ी

| खिलाड़ी | कितने में खरीदा (करोड़ रु) | टीम |
|---|---|---|
| ऋषभ पंत | 27 | लखनऊ सुपरजायंट्स |
| श्रेयस अय्यर | 26.75 | पंजाब किंग्स |
| अर्शदीप सिंह | 18 | पंजाब किंग्स |
| युजवेंद्र चहल | 18 | पंजाब किंग्स |
| जोस बटलर | 15.75 | गुजरात टाइटंस |

### आईपीएल नीलामी इतिहास के सबसे महंगे बिकने वाले खिलाड़ी

| खिलाड़ी | टीम | कितने में खरीदा (करोड़ रु) | साल |
|---|---|---|---|
| ऋषभ पंत | लखनऊ सुपरजाएंट्स | 27.00 | 2025 |
| श्रेयस अय्यर | पंजाब किंग्स | 26.75 | 2025 |
| मिचेल स्टार्क | कोलकाता नाइट राइडर्स | 24.75 | 2024 |
| पैट कमिंस | सनराइजर्स हैदराबाद | 20.50 | 2024 |
| सैम करन | पंजाब किंग्स | 18.50 | 2023 |
| कैमरन ग्रीन | मुंबई इंडियंस | 17.50 | 2023 |
| बेन स्टोक्स | चेन्नई सुपर किंग्स | 16.25 | 2023 |
| क्रिस मॉरिस | राजस्थान रॉयल्स | 16.25 | 2021 |
| निकोलस पूरन | लखनऊ सुपरजायंट्स | 16.00 | 2023 |
| युवराज सिंह | दिल्ली कैपिटल्स | 16.00 | 2015 |
| पैट कमिंस | कोलकाता नाइट राइडर्स | 15.50 | 2020 |
| ईशान किशन | मुंबई इंडियंस | 15.25 | 2022 |
| काइल जेमीसन | रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु | 15.00 | 2021 |
| बेन स्टोक्स | राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स | 14.50 | |

## झारखंड में हेमंत सोरेन ने किया सरकार बनाने का दावा पेश

जयपुर टाइम्स

**रांची(एजेंसी)।** झारखंड में सरकार बनाने की कवायद शुरू कर दी गई है। विधानसभा चुनाव में भारी बहुमत से जीत हासिल करने के बाद सीएम और झामुमो प्रमुख हेमंत सोरेन ने नई सरकार के गठन की तैयारी शुरू कर दी है। वह रविवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मिलने पहुंचे। राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात के बाद हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। सीएम हेमंत सोरेन ने अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंपा। इसके साथ ही नई सरकार बनाने के लिए इंडिया गठबंधन के विधायकों का समर्थन पत्र भी सौंपा। उनके साथ इंडिया गठबंधन के नेता भी मौजूद रहे। झारखंड के सीएम और जेएमएम के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि 28 नवंबर को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। हमने इंडिया गठबंधन सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हमने राज्यपाल के सामने सरकार बनाने का दावा पेश किया है। मैंने उन्हें अपना इस्तीफा भी सौंप दिया है। कांग्रेस और आरजेडी



प्रभारी भी मेरे साथ मौजूद रहे। उन्होंने मुझे कार्यवाहक मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। इससे पहले इंडिया गठबंधन के विधायकों की बैठक हुई। इसमें हेमंत सोरेन को सदन का नेता चुना गया। कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय ने कहा कि सभी पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं ने अपना समर्थन दिया और हेमंत सोरेन को झारखंड विधानसभा सदन का नेता चुना गया। शपथ ग्रहण की संभावित तिथि 28 नवंबर है। झारखंड विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन ने अभूतपूर्व दो तिहाई बहुमत प्राप्त किया है।

CMYK

## कम्पनी बाग विकास समिति कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस)।** कम्पनी बाग विकास समिति अलवर की कार्यकारिणी की बैठक समिति संरक्षक श्रवण कुमार महावर की अध्यक्षता में आयोजित की गई।समिति अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने बताया कि बैठक में समिति के चुनाव की प्रक्रिया पर विचार गया जिसके तहत कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों ने एकराय होकर निर्णय लिया कि चुनाव से पूर्व दिनांक 26 फरवरी 2018 से पूर्व के सभी आजीवन सदस्यों का दिनांक 1 दिसम्बर 2024 से 31 दिसम्बर 2024 तक दुरूस्ती फार्म भरकर आवश्यक रूप से जमा कराने का निर्णय लिया जिससे की मतदाता सूची को संशोधित कर चुनाव प्रक्रिया प्रारम्भ की जा सके। साथ ही दिनांक 26 फरवरी 2018 से पूर्व के सभी आजीवन सदस्यों को दुरूस्ती फार्म के साथ अपनी दो पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो व आधार कार्ड की फोटो प्रति संलग्न कर 50/-रूपये पहचान पत्र शुल्क दुरूस्ती फार्म के साथ जमा कराने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में समिति सचिव अशोक कुमार सैनी, उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश खण्डेलवाल, प्रचार मंत्री दलीप चौधरी, ओमप्रकाश सैनी, महेन्द्र खण्डेलवाल, अरविन्द यादव, ओमप्रकाश शर्मा, कन्हैयालाल आमेरिया, निर्मल शर्मा, गोविन्द रूस्तगी, गोरीशंकर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## मिशन प्लास्टिक पोलीथीन का तीसरा रविवार



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर (निस)।** मानव सेवा प्रकृति प्रेमी ग्रुप जिला सवाई माधोपुर की ओर से तीसरे रविवार को निमली खुर्द स्थित सीतामाता वन क्षेत्र में मिशन प्लास्टिक पॉलिथीन अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी श्रवण सिंह गवारिया ने बताया कि सीता माता वन क्षेत्र के दूकानों के आस पास प्लास्टिक की बोतलें व पॉलिथीन फैल रही। जिससे वन्यजीवों को काफी नुकसान हो सकता है। 2 घंटे तक चले अभियान में 30 किलो से भी अधिक मात्रा में कचरा एकत्रित कर वन क्षेत्र से बाहर लाकर नष्ट किया गया। साथ ही आगामी 4 रविवार को भी यहां मिशन चलाकर स्वच्छ सीता माता वन क्षेत्र का परिचय दिया जाएगा। इस अभियान स्थानीय ग्रामवासियों का सहयोग भी मिल रहा है। उन्होने बताया कि ग्रुप के माध्यम से निस्वार्थ भाव से पिछले कई वर्षों से वन क्षेत्रो, मोक्षधामों, सार्वजनिक एवं धार्मिक स्थलों में मिशन प्लास्टिक पॉलिथीन अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है। इस दौरान सचिव राजेश सैनी, रामबाबू कुमावत सहित जयपुर से भ्रमण पर आए शिक्षक व बच्चे सहित ग्रुप के कई पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

## साईबर ठगी करने के आरोप में पकड़ा



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निस)।** जिला पुलिस अधीक्षक जिला सवाई माधोपुर के निर्देशन में जिले में सायबर ठगी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान एन्टीवायरस के तहत जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सवाई माधोपुर रामकुमार कस्वां एवं वृताधिकारी वृत शहर सवाई माधोपुर उदय सिंह मीणा के निकटतम सुपरविजन में लगातार कार्यवाही की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार इसी अभियान के तहत स.मा. कोतवाली थानाधिकारी राजवीर सिंह उ0नि0 ने मिली सूचना के आधार पर ऑनलाईन ठगी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार एक शख्स के रणथम्भोर रोड़ पर मोबाईल लेकर बैठा होने तथा अपनी पहचान छुपाकर लोगो से कॉल एवं मैसेज के जरिये प्रलोभन देकर फोन व यूपीआई से पैसे डलवाकर हड़पने की सूचना मिली थी। इस पर थानाधिकारी राजवीरसिंह उ0नि0 मय जाप्ता के मुखबीर के बताये गये स्थान पर पहुँचा तो वहाँ रोहित मीना पुत्र बत्ती लाल मीना उम्र 19 साल निवासी गंभीरा मिला जो पुलिस को देखकर मोबाईल के छुपाने की कोशिश करने लगा। उससे मोबाईल लेकर चैक किया गया तो सायबर अपराध सम्बन्धी लिंक एवं मैसेज मिले। इस पर युवक को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं व 13 आरपीजीओ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पाया जाने पर मोके पर ही गिरफ्तार किया गया। एवं दो मोबाईल भी जप्त किये गये।

## बालाजी मन्दिर की देन पेटी ले गये चोर



जयपुर टाइम्स

**सवाई माधोपुर(निस)।** बालाजी मंदिर गांव दोबड़ा खुर्द में गुरुवार रात को अज्ञात चोर मंदिर कि दान पेटी को चुरा कर जंगल की ओर ले गए। गांव वालों ने बताया कि दशहरा से पहले भी मन्दिर में ऐसी घटना पूर्व में हुई थी जिस पर मंदिर में चोरी की सूचना सूरवाल थाने में दी गई थी। लेकिन पुलिस द्वारा इस पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसके चलते गुरुवार को मंदिर में दुबारा चोरी की घटना हो गई।



### जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट कार्यक्रम आयोजित

# विकसित और हरित के साथ-साथ भयमुक्त भिवाड़ी- केंद्रीय मंत्री यादव

जयपुर टाइम्स

**खैरथल(निस)।** होंडा कंपनी भिवाड़ी में जिला स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें 19 हजार 600 करोड़ के 255 एमओयू हस्तांतरित किए गए जिससे 66 हजार लोगों को प्रत्यक्ष तथा लगभग 30 हजार अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि राजस्थान में सरकार को संभालने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में राजस्थान में तेजी से जल तथा निवेश के लिए दो मोर्चो पर अद्भुत कार्य हुआ है। इस श्रृंखला में भिवाड़ी में जो इन्वेस्टमेंट सबमिट का कार्यक्रम उसके लिए सबसे पहले मुख्यमंत्री भजनलाल जी को धन्यवाद देता हूं।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि सांसद बनने के बाद भिवाड़ी के विकास के लिए हमेशा तत्पर रहा हूं। उन्होंने कहा कि किसानों की सबसे बड़ी समस्या भूमि परिवर्तन की है इस समस्या का सरकार से बात करके एक एजेंसी के अंतर्गत लाकर भिवाड़ी के विकास का काम करेंगे। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भिवाड़ी को आगे बढ़ाने के लिए स्मार्ट पार्किंग सहित हरा भरा बनाने की जरूरत है, जिससे कि आने वाले समय में हिंदुस्तान में ग्रोथ के पैमाने पर भिवाड़ी अपने आप को अलग से स्थापित कर पाएगा।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि जिस तरह बगड़ राजपूत में कचरा संशोधन केंद्र और जल संशोधन प्लांट शुरू किया है, इस तरह भिवाड़ी में भी इन प्लांटो की आवश्यकता है, जिससे कि यह क्षेत्र स्वच्छ बन सके, जल्द ही यहां इस तरह के प्लांट शुरू किए जाएंगे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भिवाड़ी में जो सबसे बड़ी समस्या जल भराव की थी निराकरण के लिए मुख्यमंत्री ने भिवाडी में मास्टर डेनेज प्लान के लिये 355 करोड रुपए मंजूर किये और उसकी डीपीआर का कार्य प्रगतिरत है। केंद्रीय मंत्री उन्होंने कहा कि विकसित



भिवाड़ी को हम भय मुक्त भिवाड़ी भी बनाना चाहते हैं पिछले दो वर्षों से बंद पड़े सिटी सर्विलांस प्रोजेक्ट को शुरू किया गया है उन्होंने कहा कि भय मुक्त भिवाड़ी में किसी तरह का कोई समझौता नहीं होगा वह हमेशा निवेशको और व्यापारियों की सेवा के लिए तत्पर रहेंगे।

बाबा मोहन राम के स्थान के पास पहाड़ी पर 50-50 एकड़ के दो नगर वन बनाए जाएंगे जिससे भिवाड़ी को हरित भिवाड़ी बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में सबसे बड़े समस्या सड़कों पर झूलते हुए बिजली के तार हैं जिन्हें भूमिगत करवाया जाएगा, साथ ही यहां की सड़कों की भी चौड़ाई बढाई जायेगी।

तिजारा विधायक महंत बालक नाथ योगी ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से राजस्थान सबसे बड़ा प्रदेश है तथा भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए उद्यमी रोजगार का सृजन करते हुए विकसित भारत तथा विकसित राजस्थान की संकल्पना को साकार करने में अपनी अहम भूमिका निभाएं।

इसके साथ ही उन्होंने सभी उद्यमियों को आश्वासन दिया कि उनके समक्ष आने वाली सभी समस्याओं का समाधान तय समय अवधि में किया जाएगा। इस दौरान विधायक मुंडावर ललित यादव एवं जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर ने भी अपना उद्बोधन दिया। जिला कलक्टर किशोर कुमार ने कहा की खैरथल-तिजारा जिले का उदाहरण उद्योग की दृष्टि से उल्लेखनीय है। यह जिला औद्योगिक गतिविधियों का एक प्रमुख केंद्र है। यहाँ पर होंडा, सेंट गोबेन, जिलेट, जैक्कार और अन्य सैकड़ों कंपनियाँ सफलतापूर्वक कार्यरत हैं। ये कंपनियाँ न केवल इस क्षेत्र के युवाओं को रोजगार प्रदान कर रही हैं, बल्कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था में भी अहम योगदान दे रही हैं।

उन्होंने सभी निवेशकों से अपील कि वे इस अवसर का लाभ उठाएँ और राजस्थान को अपना औद्योगिक गंतव्य बनाएं। उन्होंने प्रशासन द्वारा सभी उद्योगपतियों को पूरा सहयोग देने की बात कही। इसके साथ ही 9 से 11 दिसंबर को राज्य स्तरीय राइजिंग राजस्थान समिट में भाग लेने के लिए सभी उद्यमियों को आमंत्रित भी किया।

आयोजन में मुख्य रूप से ऑटो मोबाईल इन्जिनियरिगं क्षेत्र में 37 उद्योगो मे 1286 करोड रूपये निवेश तथा 3368 व्यक्तियों को रोजगार एवं आईटी, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स, इंडस्ट्रियल, पार्क, फर्नीचर, टूरिज्म, वेयरहाउस, प्लास्टिक, रियल स्टेट, रिन्यूएबल एनर्जी, फुटवियर, टेक्सटाइल, पैकेजिंग, केमिकल, स्पोर्ट, ई-वेस्ट आदि प्रमुख क्षेत्र शामिल है।

कार्यक्रम में श्रीराम पिस्टन, होंडा, स्वयं सहायता समूह, राजीविका स्वयं सहायता समूह, जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी, रीको सहित विभिन्न स्टॉल लगाए गए जिसमें संबंधित योजनाओं की जानकारियां साझा की गई।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार चौधरी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीड़ा अतुल प्रकाश, अतिरिक्त जिला कलेक्टर खैरथल शिवपाल जाट, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भिवाड़ी अश्विन के पंवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अतुल साहू, उपखंड अधिकारी लाखन सिंह गुर्जर, कोटकासिम प्रधान डॉ विनोद कुमारी सागवान, तिजारा प्रधान जेपी यादव, भाजपा नेता बलवान यादव सहित विभिन्न उद्योग संगठन के पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा इन्वेस्टर शामिल हुए।

## शिव मुख से उत्पन्न मंत्रों की महिमा का वर्णन

जयपुर टाइम्स

**शिवाड़(निस)।** घुश्मेश्वर महादेव मंदिर कालरा भवन मे आयोजित संगीत मय कथा में चौथे दिन राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित विष्णु शरण शास्त्री ने शिव पार्वती विवाह वर्णन के साथ माता सती की उत्पत्ति, भगवान शिव के मुख से पांच मंत्रों की उत्पत्ति का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि भगवान का आग्रह ही संसार से मुक्त ईश्वर में समाहित होने का एक साधन है। भगवान के भजन भगवान के मुख से कैसे उत्पन्न हुए उनका विस्तार से वर्णन किया। इन मंत्रों का जाप करने से सभी संकट मिट जाते हैं। सृष्टि के विस्तार का वर्णन स्वयं मनु से मनुष्यों की उत्पत्ति व सती जन्म, सती विवाह, सती का राजा दक्ष के यज्ञ में शरीर छोड़ने की कथा, तड़का सुर की कथा, कामधेनु का जलना, शिव पार्वती विवाह का विस्तार से वर्णन जिसमें शिव पार्वती की सुन्दर झाकी सजाई गई। इस दौरान ट्रस्ट अध्यक्ष प्रेम प्रकाश शर्मा, नहनू लाल पाराशर, हनुमान पाराशर, सुरेंद्र कुमार शर्मा, सांवरा बोहरा,



लोकेंद्र सिंह, राजेश बोहरा कैलाश चंद्र शर्मा, पुरुषोत्तम फौजी, रामनिवास खुमार प्रदीप पाराशर, सहित अन्य सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में अनुपस्थित बीएलओ निलंबित

### निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, मालवीय नगर ने जारी किये निलंबन आदेश

### डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने किया मतदान केन्द्रों का औचक निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** निर्वाचन विभाग के आदेशों की अनुपालना में संचालित किये जा रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही बरतने एवं मतदान केन्द्र पर अनुपस्थित पाये जाने वाले बीएलओ अशोक कुमार को निलंबित किया गया है। मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी डॉ. गोरधन लाल शर्मा ने निलंबन आदेश जारी किये हैं।

डॉ. शर्मा ने बताया कि निर्वाचन विभाग के आदेशों की अनुपालना में जयपुर जिले में विशेष पुनरीक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके तहत सभी बीएलओ अपने मतदान केन्द्रों पर उपस्थित रहकर ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं का मतदाता सूची में पंजीकरण का कार्य संपादित कर रहे हैं।



रविवार को उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष कुमार ने मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किय, इस दौरान विधानसभा क्षेत्र मालवीय नगर में अधिशाषी अभियंता (दक्षिण) जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, गांधीनगर में स्थित बूथ नम्बर- 58 के बीएलओ अशोक कुमार ग़ैरहाज़िर पाये गये, जिसपर कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

## नि:शुल्क बी.पी. एवं शुगर जांच शिविर में 88 लोग हुए लाभान्वित

### अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फैलोशिप की पहल पर हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस)।** जिला स्काउट एण्ड गाइड फैलोशिप द्वारा स्थानीय संघ कार्यालय कंपनी बाग, अलवर में रविवार को प्रात भ्रमण के लिए आने वालों के लिए नि.शुल्क बी.पी. एवं शुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को आजीवन सदस्य गजेंद्र सिंह निर्वाण के सौजन्य से आयोजित किया गया। सचिव ताराचन्द अग्रवाल ने बताया कि शिविर की शुरुआत सर्वप्रथम ईश वंदना के साथ की गई। शिविर में लगभग 88 महिला, पुरूषों ने बी.पी. एवं शुगर की जांच करवा कर तथा वजन जांच कर कैंप का लाभ उठाया। शिविर के बाद अलवर जिला स्काउट एंड गाईड फेलोशिप सदस्यों की साधारण सभा की गई, जिसमें राजस्थान स्टेट स्काउट एंड गाइड फेलोशिप के पूर्व अध्यक्ष एस एम उस्मान खान साहब के इंतकाल हो जाने पर 2 मिनट का मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बताया कि संरक्षक हरीश कालरा ने कार्यक्रम रूपरेखा में कुछ



बदलाव किये गए बिन्दुओं पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने आगामी समय में होने वाले सेवा कार्यो तथा वन भ्रमण के बारे में जानकारी देते हुए कल 25 नव बर को युवराज प्रताप सिंह मेमोरियल होमोपेथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में होने वाले लायंस क्लब अलवर मत्स्य, जिला अन्धता निवारण समिति, मित्तल हॉस्पिटल अलवर, अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फैलोशिप तथा वाई.पी.एस.एम. होमोपेथिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले नि .शुल्क नेत्र रोग शिविर की जानकारी देते हुए सहयोग हेतु सभी को आमंत्रित किया। उन्होंने बताया कि चयनित नेत्र रोगियों के पूर्णत. नि.शुल्क मोतियाबिन्द के ऑपरेशन मित्तल हॉस्पिटल में किये जायेंगे। जिसमें मरीज को आने-जाने, रहने-खाने, पीने, रुकने, ऑपरेशन, लेंस, दवा, चश्मा, घर हेतु दवा सभी पूर्णत. निन्शुल्क प्रदान किये जायेंगे।

कार्यक्रम में संरक्षक हरीश कालरा, स्टेट कोऑर्डिनेटर एवं जिलाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष राजेश भट्ट, स्टेट सहसचिव एवं जिला सचिव ताराचंद अग्रवाल, उपाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता, उपाध्यक्ष बी आर निमेष, उपाध्यक्ष लता रानी शर्मा, उपाध्यक्ष गंगा गुप्ता, पूर्व सचिव रामप्रकाश गुप्ता, सुरेंद्र कुमार सोनी, शंभू शर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, गोविन्द गोयल, राजेश शर्मा, आशा कालरा, मंजू शर्मा, प्रमिला गुप्ता सहित एस. जी. एफ. सदस्यों ने सहयोग किया।

## नेक कमाई प्रभावशाली एनजीओ के खिताब से सम्मानित, समाजसेवा में अलवर का नाम हुआ रोशन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निस)।** नई दिल्ली के रेडिशन होटल में आयोजित एक समारोह में नेक कमाई फाउंडेशन को मोस्ट इमपेकटलफुल एनजीओ ऑफ दा ईयर-2024 के खिताब से सम्मानित किया गया। भारत सरकार के नीति आयोग और फोर्स मोटर्स की ओर से आयोजित देश भर के एनजीओ की हुई सेमिनार में प्रदेश से नेक कमाई फाउंडेशन को इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार नेक कमाई के 2024 के समाजसेवी कार्यो के लिए प्रदान किया गया। यह पुरस्कार राष्ट्रीय एनजीओ फाउंडेशन के पदाधिकारी ने प्रदान किया।

मुख्य कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि यह पुरस्कार संरक्षक दौलत राम हजरती और धर्मेन्द्र अदलख्खा ने प्राप्त किया। नेक कमाई को यह सम्मान जरूरतमंद बेटियों के दो साल में 213 कन्यादान करने, कच्ची बस्तियों में महिलाओं को सिलाई सिखाने के लिए प्रशिक्षण केन्द्र संचालित करने, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को रोजगार देने, सर्दियों में गर्म कपड़ों का वितरण,




सरकारी स्कूलों में जरूरतमंद बच्चों को शिक्षण सामग्री सहित प्रत्येक सप्ताह सेवा का एक से अधिक कार्यक्रम संचालित करने पर दिया गया है जिसको देखने आयोजक मंडल की टीम ने अलवर आकर नेक कमाई के कार्यों को देखा।

## बिना विधिक प्रक्रिया के दत्तकग्रहण दण्डनीय

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** देश मे दत्तकग्रहण हिन्दू एडॉप्शन एन्ड मेंटिनेंस एक्ट तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम 2015 के तहत किया जाता है, जिसमे अनाथ, परित्यक्त और अभ्यर्पित बच्चो का दत्तकग्रहण केवल किशोर न्याय (बालको की देखरेख और संरक्षण अधिनियम) 2015 के तहत विहित प्रक्रिया अनुसार ही अनुमत है। अधिनियम की पालना के बिना यदि कोई प्रसूति केंद्र, चिकित्सालय, व्यक्ति या संस्था बच्चो को दत्तकग्रहण में लेता या देता है तो वह दण्डनीय है। अधिनियम की धारा 80 के अनुसार ऐसा अपराध तीन वर्ष तक के कठोर कारावास एवं एक लाख रुपये के जुर्माने से दण्डनीय है। यदि इसमें खरीद-फरोख्त होती है तो यह उक्त अधिनियम की धारा 81 के तहत सात वर्ष तक के कठोर कारावास और एक लाख रुपये के जुर्माने से दण्डनीय है। साथ ही यदि किसी व्यक्ति या संस्था को इस प्रकार का देखरेख और संरक्षण की आवश्यकता वाला बच्चा कहीं मिलता है तो उसका कर्तव्य है कि वह यात्रा के लिए आवश्यक समय को छोड़कर 24 घंटे के भीतर यथास्थिति बालबद्ध सेवाओ, निकटतम पुलिस थाना, बाल कल्याण समिति या जिला बाल संरक्षण इकाई को सूचित करे या बच्चे को पंजीकृत बाल देखरेख संस्था को सौंपे अन्यथा यह अधिनियम की धारा 34 के तहत 06 माह तक के कारावास और दस हजार रुपये के जुर्माने से दण्डनीय है। ऐसी स्थिति में चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098 पर भी सूचना दी जा सकती है। सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई विश्व देव पांडेय ने बताया कि अनचाहे या अवांछित बच्चो के सुरक्षित परित्याग के लिए जिले में राजकीय मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थान धौलपुर, राजकीय जिला चिकित्सालय बाड़ी एव राजकीय शिशु गृह धौलपुर में पालना गृह स्थापित है। पालना गृह में छोड़े गए बच्चे के माता पिता के विरुद्ध कोई कार्यवाही नही की जाती है। इसलिए जनसामान्य से अपील की गई है कि बिना उक्त अधिनियम का पालन किये सीधे तौर पर उक्त श्रेणी के बच्चो को दत्तकग्रहण में देने या लेने का झांसा देने वालो पर विश्वास ना करे और तुरंत इसकी सूचना पुलिस और प्रशासन को दें। साथ ही अनचाहे या अवांछित बच्चो का परित्याग उक्त पालना गृहों में ही करें या बाल कल्याण समिति से समक्ष अभ्यर्पण विलेख निष्पादित करें। साथ ही जो व्यक्ति या दंपत्ति बच्चे उक्त प्रक्रिया के तहत बच्चे गोद लेना चाहते हैं, वे इसके लिये केंद्रीय दत्तकग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वर्तमान में बच्चो की तुलना में आवेदकों की अधिकता के कारण उन्हें लगभग दो से तीन वर्ष में बच्चा पात्रतानुसार दत्तकग्रहण में प्राप्त हो सकता है।

## खेत पर काम कर रही महिला को पैन्थर ने हमला कर किया जख्मी



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** आरोली ग्राम में बालाजी धार के पेडोक्स के पास खेत पर काम कर रही महिला पर पेन्थर ने हमला कर जख्मी कर दिया। जख्मी अवस्था में महिला सम्पति बाई को सलावटिया प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र लाया गया।जहां नर्सिंगकर्मी नारायण माली ने प्राथमिक उपचार के बाद भीलवाड़ा रेफर कर दिया।जानकारी के मुताबिक सम्पति बाई खेत पर फसल काट रही थी। इसी दौरान फसल में छिपे पैन्थर ने उसके मुंह पर झपट्टा मार कर जख्मी कर दिया। साथी महिलाओं के चिल्लाने पर पैन्थर वहां से भाग गया।

## संगठन पर्व पर अधिक से अधिक बनाएं भाजपा सदस्य

जयपुर टाइम्स



**राजाखेड़ा(निस)** धौलपुर राजस्थान। भारतीय जनता पार्टी की राजाखेड़ा विधानसभा के नाहिला मंडल में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता बांकेलाल लोधा पूर्व भाजपा ज़िला अध्यक्ष ने बताया कि भाजपा की महाराष्ट्र में प्रचण्ड जीत पर हर्ष व्यक्त किया। तथा उन्होंने कहा देश की जनता आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है तथा राजीव रस्तोगी ने कहा कि आज देश में भाजपा का सदस्यता अभियान चल रहा है जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलावे तथा सक्रिय सदस्य बने। जनता को केंद्र व राज्य सरकार की जनहित योजनाओं का प्रचार प्रसार करने को कहा। इस अवसर पर रामवीर शर्मा , कुमर सिंह भदौरिया, नाहर सिंह पूर्व सरपंच देवेन्द्र शर्मा , उदयभान सिंह, जयवीर सिंह, करण सिंह, विनोद तोमर, महेश शर्मा, राजेंद्र सिंह, राम भरोसी, पप्पू सिंह, दिलीप खन्ना, हरिचंद टेलर, यशपाल त्यागी, एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन असफीं सिंह जादौन एडवोकेट ने किया।

## आजाद चौक कचहरी परिसर की नवनिर्मित चार दीवारी का उद्घाटन सोमवार को

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस)।** कस्बा स्थित आजाद चौक कचहरी परिसर की नवनिर्मित चार दीवारी का उद्घाटन समारोह सोमवार को आयोजित किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष नगर परिषद द्वारा आजाद चौक कचहरी परिसर में कई संरचनायें हटाई गई थी। जिसके बाद से ही चार दीवारी का निर्माण कार्य लम्बित था। कचहरी परिसर में उपखण्ड मुख्यालय के साथ-साथ तहसील कार्यालय, सब रजिस्ट्रार कार्यालय, कोषालय व डीएसपी आदि के कार्यालय स्थित है। अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर ने जानकारी देते हुये बताया कि इसी कचहरी परिसर में भामाशाह सराधना परिवार द्वारा स्व. बीरबल, स्व. छाजुराम मुनीम जी व स्व. बुलाराम भगतजी सुपुत्र स्व. श्योलाल सराधना की पुण्य स्मृति में चार दीवारी व गेट का निर्माण करवाया गया है। जिसका उद्घाटन सोमवार को विधायक हंसराज पटेल के कर कमलों से होगा।



# गढ्डों में तब्दील हुआ गौरव पथ

### न विभाग न ही जनप्रतिनिधि दे रहे ध्यान, क्या है हादसों का इंतजार?

जयपुर टाइम्स

फुलेरा **(निस)** नगर का गौरव पथ उपेक्षा के कारण गड्ढा पथ बनता जा रहा है । मुख्य मार्ग होने के बावजूद इस सड़क की मरम्मत के बजाय इस पर गड्ढो की भरमार होती जा रही है । इससे हादसों का अंदेशा बना रहता है । बावजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि का इस और ध्यान नहीं जा रहा है ।

ग़ौरतलब है कि नगरीय क्षेत्र को सुंदर बनाने के लिए तथा स्थानीय लोगों के साथ ही बाहर से आने वाले लोगों को फुलेरा शहर बेहतर दिखाई दे इसको लेकर गौरव पथ का निर्माण किया गया था । लेकिन ऐसा होने की बजाय गौरव पथ गड्ढो में तब्दील होता जा रहा है । करोड़ों रुपए की लागत से गौरव पथ का निर्माण किया गया था । लेकिन अब धीरे-धीरे जोबनेर रोड पर बना गौरव पथ गड्ढो में तब्दील हो गया है । जिसका खामियाजा स्थानीय लोगों के साथ राहगिरो को भी भुगतना पड़ रहा है । एक ओर जहां सरकार ने कच्चे रास्तों को पक्का करने की बहुत सी घोषणा की हुई है जिन पर विभाग के अधिकारी काम करने का दावा करते हैं लेकिन जो सड़के पहले से ही पक्की बनी हुई है और गढ़ों में तब्दील हो रही है उनकी तरफ ना तो सरकार के नुमाइंदों का ध्यान जा रहा है और ना ही विभाग के कार्यालय में बैठे उच्च अधिकारियों का । सड़कों की मरम्मत के लिए लाखो रुपए का बजट विभागों में आता है सड़कों की हालत को देखकर ऐसा लगता है कि यह बजट मात्र फाइलों में ही पूरा हो रहा है तथा सरकार का गड्ढा मुक्त सड़कों का अभियान भी दम तोड़ता नजर आ रहा है वही विभाग की लापरवाही के चलते इस समस्या की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । काफी समय से गड्ढों की मरम्मत की बजाए इस मार्ग पर गड्ढों की भरमार होती जा रही है । इससे हादसों की आशंका बढ़ गई है । यह मार्ग जोबनेर, जयपुर, रेनवाल, चौमूं सहित कई शहरों को जोड़ने का मुख्य मार्ग है । वहि रीको एरिया जाने का भी यह मुख्य मार्ग है । इसके बावजूद भी यह उपेक्षित हालत में है । तथा इस मार्ग पर बने गड्ढों के कारण वाहन चालको का संतुलन बिगड़ने का जोखिम बढ़ जाता है । जिससे स्थानीय लोगों और वाहन चालकों में जनप्रतिनिधियों एवं विभाग के प्रति काफी रोष देखने को मिल रहा है ।

**जिम्मेदारों का ध्यान नहीं..**

लोगों का कहना है कि गौरव पथ पर जगह-जगह गड्ढे होने के बाद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है । तथा यहा का विभाग न तो दर्द समझ रहा है ओर न ही जनप्रतिनिधि इस ओर कोई ध्यान दे रहे हैं जबकि पूर्व व वर्तमान विधायक भी इसी मार्ग से आते जाते है बावजूद इन गड्ढो पर इनका ध्यान नहीं जा रहा है। ऐसे में शहरवासियो व वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# शहीद अशोक कुमार जाट की 13 वीं पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



- युवाओं व छात्रों ने बढ़-चढकर किया रक्तदान, कुल 107 यूनिट रक्त एकत्रित
- सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढकर योगदान दे रहा अशोका कोचिंग संस्थान

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस)।** कस्बे के लाल कोठी स्थित क्षेत्र के प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये सुप्रसिद्ध अशोका कोचिंग संस्थान द्वारा निरन्तर सामाजिक कार्यो व गतिविधियों में बढ़-चढकर योगदान दिया जा रहा है। संस्थान द्वारा समय-समय पर सामाजिक व शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

साथ ही सेमीनार, जागरूकता कैम्प, विधार्थियों के निःशुल्क रूकने एवं भोजन की व्यवस्था के साथ-साथ सेना एवं पुलिस भर्ती में निःशुल्क आवागमन की व्यवस्था की जाती है।

इसी क्रम में ग्राम सांगटेड़ा निवासी शहीद अशोक कुमार जाट की 13 वीं पुण्यतिथि पर संस्थान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन संस्थान के चैयरमैन व समाजसेवी शंकर लाल कसाना के नेतृत्व में आयोजित हुआ। जिसमें बढ़-चढकर रक्तदान करते हुये युवाओं व छात्रों ने कुल 107 यूनिट रक्तदान किया।

समाजसेवी कसाना ने सभी रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुये प्रशस्ती पत्र भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा, जिला महामंत्री गोपाल अग्रवाल, निदेशक इंजी. राजेश चौधरी, इंजी. योगेश चौधरी, इंजी. विक्रम कसाना, समाजसेवी रतन लाल शर्मा, प्रधानाचार्य पूरण कसाना, अमित प्रकाश शर्मा, राकेश शर्मा, लालचंद सैनी, अंकुर शर्मा, सोहन यादव, मुकेश चौधरी, झाबर सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

## अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति का धरना 717 वें दिन भी रहा जारी

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस)।** अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट के खिलाफ जोधपुरा संघर्ष समिति द्वारा दिया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना रविवार को लगातार 717 वें दिन भी बदस्तुर जारी रहा। कमेटी सचिव कैलाश यादव ने बताया कि सीमेंट प्लांट द्वारा गांव की आम आबादी से 82 मीटर की दूरी पर संचालित कंनवर वेल्ट क्रेशर से उडने् वाली डस्ट गांव में कोहरे व धुंध की तरह छा जाती है। ग्रामवासियों के मकान की छतों पर पेड़ पौधों की पत्तियों पर जमी हुई डस्त को खुली आंखों से भी देखा जा सकता है। गांव में श्वांस, दमा, एलर्जी जैसी बीमारियां आम हो गई है, वर्तमान समय में प्रदूषण की समस्या को लेकर कोटपूतली के आसपास के क्षेत्र की स्कूलों व कॉलेज तक की छुट्टियां कर दी गई है और इसी प्रदूषण की समस्या को लेकर ग्रामवासी पिछले 02 साल से धरने पर बैठे हुये हैं फिर भी प्रशासन द्वारा समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है। धरने पर समिति उपाध्यक्ष सतपाल यादव, सचिव प्रभुदयाल वर्मा, हरभगत बाबूजी, दिनेश यादव, रामनिवास योगी, भूपसिंह धानका, सांवरमल शर्मा, रामू यादव, लक्ष्मीनारायण योगी, जयराम यादव, सूबेसिंह मीणा, निहाल सिंह यादव, कानाराम यादव, मदन योगी, रोहिताश योगी, सुरज्ञानी योगी, हरिराम यादव, जितेंद्र यादव, श्रीराम योगी, हंसराज योगी, अजय योगी, मोहर सिंह योगी, प्रकाश सोरेला, रामावतार यादव, लीलाराम यादव (मुलायम) समेत ग्रामीण महिलायें मौजूद रही।



## जेडीए की प्रवर्तन शाखा ने कालवाड़ रोड पर अवैध निर्माण पर की बड़ी कार्यवाही

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** उप महानिरीक्षक पुलिस, जविप्रा, कैलाश चंद्र बिश्नोई ने बताया कि आज प्रवर्तन शाखा ने कालवाड़ रोड, गोकुल नगर में अवैध निर्माणों पर बड़ी कार्रवाई की।

**सील किए गए निर्माण**

प्रवर्तन दस्ते ने जोन-पी.आर.एन. (नॉर्थ) क्षेत्र में स्थित भूखंड संख्या सी-19 और सी-20 को एकीकृत किए बिना, जेडीए की अनुमति और स्वीकृति के बिना बेसमेंट + 4 मंजिला अवैध भवन का निर्माण करने पर सील कर दिया। इसी प्रकार, भूखंड संख्या 25 और 26 को भी बिना अनुमति एकीकृत कर बनाए गए बेसमेंट + 4 मंजिला भवन को सील किया गया।

**कार्रवाई का विवरण**

जेडीए एक्ट की धारा 32 और 33 के तहत निर्माणकर्ताओं को पहले नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने का निर्देश दिया गया था। लेकिन निर्देशों का पालन न करने पर धारा 34 (क) के तहत अंतिम नोटिस जारी किया गया। इसके बाद इंजीनियरिंग शाखा की मदद से अवैध भवनों के प्रवेश द्वारों, खिड़कियों और शटरों को ईंटों की दीवारों से बंद कर सील कर दिया गया।

**नागरिकों से अपील**

बिश्नोई ने नागरिकों से अपील की है कि अवैध निर्माण, कब्जे और अतिक्रमण से जुड़ी शिकायतें हेल्पलाइन नंबर 0141-2565800, 0141-2575252, या ईमेल cce. jda @ rajasthan. gov.in पर दर्ज कराएं।

उन्होंने जनभागीदारी से अभियान को सफल बनाने की अपील की। यह कार्रवाई जेडीए की प्रवर्तन शाखा, पुलिस बल, लेबर गार्ड और तकनीकी स्टाफ के सहयोग से संपन्न की गई।

# पटेल परिवार के शादी समारोह में उमड़ी अतिथियों की भीड़



- विधायक हंसराज पटेल के भाई सुभाष पटेल की पुत्री का विवाह समारोह हुआ सम्पन्न
- बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दिया वर-वधु को आर्शीवाद

जयपुर टाइम्स

**कोटपूतली(निस)।** कस्बे के प्रतिष्ठित पटेल परिवार में शनिवार को आयोजित हुये शादी समारोह में बड़ी संख्या में अतिथियों की भीड़ उमड़ी। क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल के भाई सुभाष पटेल की पुत्री गौरी का विवाह शनिवार को कस्बे के कांवर नगर स्थित विधायक निवास पर बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। बारात अजमेर के पुष्कर से यहां पहुंची। जहाँ गौरी का विवाह सचिन के साथ हुआ। इस मौके पर सुभाष पटेल के पुत्र वरूण (आदित्य) का लग्न-टीका व प्रीतिभोज समारोह भी आयोजित हुआ। इस दौरान समारोह में जहाँ हजारों की संख्या में मेहमानों की भीड़ उमड़ी, वहीं बड़ी संख्या में जनप्रनिधियों एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने समारोह में शिरकत करते हुये वर-वधु को आर्शीवाद एवं विधायक हंसराज पटेल को शुभकामनायें भी दी। इस दौरान जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत, जिला प्रमुख रमा चौपड़ा, बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, बहरोड़ विधायक जसवंत सिंह यादव, खेतड़ी विधायक इंजी. धर्मपाल गुर्जर, हरियाणा के नांगल चौधरी से विधायक मंजू चौधरी, पूर्व मंत्री हेमसिंह भड़ाना व राजेन्द्र सिंह यादव, नसीराबाद के पूर्व विधायक महेन्द्र सिंह गुर्जर, विराटनगर के पूर्व विधायक इन्द्राज गुर्जर, उपेन यादव शाहपुरा, एएसपी वैभव शर्मा, एडीएम ओमप्रकाश सहारण, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा समेत बड़ी संख्या में अतिथियों ने शिरकत करते हुये बधाई दी।

संपादकीय .....

## महाराष्ट्र और झारखंड में जनादेश का संदेश, क्या हैं इस हार-जीत के मायने?

महाराष्ट्र और झारखंड के चुनाव परिणाम यही बता रहे हैं कि दोनों राज्यों की जनता ने इस संदेश के साथ यथास्थिति कायम रहने का एक जैसा जनादेश दिया कि जो जहां सत्ता में है, वह वहीं और अधिक मजबूती से बना रहे। इसी कारण जहां महाराष्ट्र में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजीत पवार) वाले गठबंधन यानी महायुति ने और अधिक राजनीतिक ताकत हासिल की, वहीं झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और अन्य सहयोगी दलों ने अपने को पहले से अधिक मजबूत किया।

दोनों राज्यों में विपक्ष को न केवल निराशा हाथ लगी, बल्कि वह पहले के मुकाबले पस्त भी हुआ। महाराष्ट्र में कुछ ज्यादा ही, क्योंकि यहां महाविकास आघाड़ी में शामिल कांग्रेस, एनसीपी (शरद पवार) और शिवसेना (उद्धव ठाकरे) मिलकर सौ सीटें भी हासिल नहीं कर सकीं। ऐसे दयनीय प्रदर्शन के बाद शरद पवार और उद्धव ठाकरे के लिए अपने दलों को प्रासंगिक बनाए रखना तो कठिन होगा ही, कांग्रेस के लिए भी आइएनडीआइए की धुरी बने रहने में मुश्किल होगी। कांग्रेस इससे संतोष कर सकती है कि वह झारखंड में सहयोगी दलों के साथ सत्ता का स्वाद चखती रहेगी, लेकिन महाराष्ट्र के निराशानजक नतीजों के कारण वह जश्न नहीं मना सकती। इसलिए और भी नहीं, क्योंकि झारखंड की जीत का सेहरा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सिर बंधा है। महाराष्ट्र और झारखंड के नतीजे यह भी कह रहे हैं कि कांग्रेस अपने सहयोगी दलों में यह भरोसा जगाने की स्थिति में नहीं कि वह उनका नेतृत्व संभालकर या फिर बराबर की सहयोगी बनकर भाजपा का मुकाबला कर सकती है।

महाराष्ट्र और झारखंड के नतीजे एक जैसा संदेश देने वाले अवश्य रहे, लेकिन यह अंतर भी स्पष्ट है कि जो मुद्दे एक राज्य में प्रभावी होते हैं, वे गारंटी नहीं कि दूसरे में भी हों। यह तो दिख रहा कि महाराष्ट्र में बंटेंगे तो कटेंगे या फिर एक हैं तो सेफ हैं के नारे ने असर दिखाया, लेकिन झारखंड में भाजपा की ओर से उठाया गया घुसपैठ का मुद्दा कामयाब नहीं रहा। यह इसलिए नाकाम रहा, क्योंकि भाजपा के पास इसका जवाब नहीं था कि यदि घुसपैठ हो रही है तो केंद्र सरकार उसे रोक क्यों नहीं पा रही है?

इस पर हैरानी नहीं कि महाराष्ट्र में महाविकास आघाड़ी की ओर से अल्पसंख्यक यानी मुसलमान खतरे में हैं का जो भय का भूत खड़ा किया गया, वह औंधे मुंह गिरा। इसका सबक यही है कि जनता के मन-मस्तिष्क को प्रभावित करने वाले मुद्दे ही लाभकारी साबित होते हैं। महाराष्ट्र का नतीजा यह भी रेखांकित कर रहा है कि संविधान और आरक्षण खतरे में हैं जैसे फर्जी नैरेटिव के सहारे जनता को सदैव के लिए नहीं बरगलाया जा सकता। दोनों राज्यों का जनादेश एक साझा संदेश यह भी दे रहा है कि महिलाओं को प्रति माह पैसा देने वाली योजनाएं चुनावी सफलता का एक बड़ा जरिया बन गई हैं और अब उनसे कोई भी दल मुंह नहीं मोड़ सकता।

## जनजाति समाज के लिए चलाई जा रही आर्थिक विकास की योजनाएं

जनजाति समाज बहुत ही कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए देश में दूर दराज इलाकों के सघन जंगलो के बीच वनों में रहता है। जनजाति समाज के सदस्य बहुत ही कठिन जीवन व्यतीत करते रहे हैं एवं देश के वनों की सुरक्षा में इस समाज का योगदान अतुलनीय रहा है। चूंकि यह समाज भारत के सुदूर इलाकों में रहता है अतः देश के आर्थिक विकास का लाभ इस समाज के सदस्यों को कम ही मिलता रहा है। इसी संदर्भ में केंद्र सरकार एवं कई राज्य सरकारों ने विशेष रूप से जनजाति समाज के लिए कई योजनाएं इस उद्देश्य से प्रारम्भ की हैं कि इस समाज के सदस्यों को राष्ट्र विकास की मुख्य धारा में शामिल किया जा सके एवं इस समाज की कठिन जीवनशैली को कुछ हद्द तक आसान बनाया जा सके। भारत में सम्पन्न हुई वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जनजातियों की कुल जनसंख्या 10.43 करोड़ है, जो भारत की कुल जनसंख्या का 8.6 प्रतिशत है। जनजाति समाज के सदस्यों को भारतीय राजनीति की मुख्यधारा में शामिल किए जाने के प्रयास भी किए जाते रहे हैं एवं इस समाज के कई प्रतिभाशाली सदस्य तो कई बार केंद्र सरकार के मंत्री, राज्यपाल एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के पदों तक भी पहुंचे हैं। आज भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू भी आदिवासी समाज से ही आती हैं।



केंद्र सरकार द्वारा जनजाति समाज को केंद्र में रखकर उनके लाभार्थ चलाई जा रही विभिन योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से एक विशेष पोर्टल का निर्माण किया है। जिसकी लिंक है - भारत सरकार का राष्ट्रीय पोर्टल https://www.इंडिया.सरकार.भारत/ - इस लिंक को क्लिक करने के बाद ÷खोजें÷ के बॉक्स में जनजाति समाज को दी जाने वाली सुविधाएं टाइप करने से, भारत सरकार द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं की सूची निकल आएगी एवं इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए उपयोग किए जाने वाले प्रपत्रों की सूची भी डाउनलोड की जा सकती है। जनजाति समाज के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं को दो प्रकार से चलाया जा रहा है। कई योजनाओं का सीधा लाभ जनजाति समाज के सदस्यों को प्रदान किया जाता है। साथ ही, कुछ योजनाओं के अंतर्गत राज्य सरकारों को विशेष केंद्रीय सहायता एवं अनुदान प्रदान किया जाता है और इन योजनाओं को राज्य सरकारों द्वारा क्रियान्वित किया जाता है। जैसे, जनजातीय उप-योजना के माध्यम से राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जनजातीय विकास हेतु किए गए प्रयासों को पूरा करने के लिए विशेष केंद्रीय सहायता प्रदान की जाती है। इस सहायता का मूल प्रयोजन पारिवारिक आय सृजन की निम्न योजनाओं जैसे कृषि, बागवानी, लघु सिंचाई, मृदा संरक्षण, पशुपालन, वन, शिक्षा, सहकारिता, मत्स्य पालन, गांव, लघु उद्योगों तथा न्यूनतम आवश्यकता संबंधी कार्यक्रमों से है। इसी प्रकार, जनजातीय विकास हेतु परियोजनाओं की लागत को पूरा करने तथा अनुसूचित क्षेत्र के प्रशासन स्तर को राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों के बराबर लाने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भी अनुदान दिया जाता है। जनजातीय समाज के विद्यार्थियों को गुणवत्तापरक शिक्षा प्रदान करने के लिए आवासीय विद्यालय स्थापित करने हेतु भी उक्त निधियों के कुछ हिस्से का प्रयोग किया जाता है। राज्य सरकारों को वित्त उपलब्ध कराने सम्बंधी उक्त दो योजनाओं का केवल उदाहरण के लिए वर्णन किया गया है, अन्यथा इसी प्रकार की कई योजनाएं केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में जनजाति समाज के सदस्यों को सीधे ही लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से भी केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जिनमे मुख्य रूप से शामिल हैं - (1) आदिवासी उत्पादों और उत्पादन विपणन विकास की योजना; (2) एमएसपी योजना की मूल्य श्रृंखला के विकास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के माध्यम से लघु वनोपज के विपणन हेतु योजना; (3) आदिवासी उत्पादों या निर्माण योजना के विकास और विपणन के लिए संस्थागत सहयोग की योजना; (4) आदिवासी क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने की योजना; (5) जनजातीय क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना की योजना; (6) जनजातीय अनुसंधान संस्थानों के लिए अनुदान योजना; (7) उत्कृष्ट केन्द्रों के समर्थन के लिए वित्तीय सहायता योजना जिसका लाभ जनजातीय विकास और अनुसंधान क्षेत्र में काम कर रहे विश्वविद्यालयों और संस्थानों को दिया जाता है। इस योजना का उद्देश्य विभिन्न गैर सरकारी संगठनों की संस्थागत संसाधन क्षमताओं को बढ़ाना और मजबूत बनाना है ताकि इन अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालय के विभागों द्वारा आदिवासी समुदायों पर गुणात्मक, क्रिया उन्मुख और नीति अनुसंधान का संचालन किया जा सके; (8) राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एनएसटीएफडीसी) और राज्य अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम (एसटीएफडीसी) को न्यायसम्य (इक्विटी) सहायता प्रदान करने की योजना। यह योजना केन्द्र सरकार द्वारा वित्त पोषित है और आदिवासी मामले मंत्रालय द्वारा शुरू की गई है; (9) आदिवासी आवासीय विद्यालयों की स्थापना सम्बंधी योजना; (10) अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए केन्द्रीय क्षेत्र की छात्रवृत्ति योजना; (11) अनुसूचित जनजाति के छात्रों की योग्यता उन्नयन संबंधी योजना; (12) अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए राष्ट्रीय प्रवासी छात्रवृत्ति योजना। उक्त समस्त योजनाओं की विस्तृत जानकारी उक्त वर्णित पोर्टल पर उपलब्ध है।

इसी प्रकार केंद्र सरकार के साथ साथ कई राज्य सरकारें भी जनजाति समाज के लाभार्थ स्वतंत्र रूप से कुछ योजनाओं का संचालन करती है। मध्यप्रदेश, भारत के आदिवासी बहुल क्षेत्रों में गिना जाता है एवं मध्यप्रदेश में विविध, समृद्ध एवं गौरवशाली जनजातीय विरासत है जिसका कि मध्यप्रदेश में न केवल संरक्षण एवं संवर्धन किया जा रहा है, अपितु जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास तथा जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिए निरंतर कई प्रकार के कार्य भी किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में भारत की कुल जनजातीय जनसंख्या की 14.64त्न जनसंख्या निवास करती है। भारत में 10 करोड़ 45 लाख जनजाति जनसंख्या है, वहीं मध्यप्रदेश में 01 करोड़ 53 लाख जनजाति जनसंख्या है। भारत की कुल जनसंख्या में जनजातीय जनसंख्या का प्रतिशत 8.63 है और मध्यप्रदेश में कुल जनसंख्या में जनजाति जनसंख्या का प्रतिशत 21.09 है। मध्यप्रदेश में जनजाति उपयोजना क्षेत्रफल, कुल क्षेत्रफल का 30.19त्न है। प्रदेश में 26 वृहद, 5 मध्यम एवं 6 लघु जनजाति विकास परियोजनाएं संचालित हैं तथा 30 माडा पॉकेट हैं। मध्यप्रदेश में कुल 52 जिलों में 21 आदिवासी जिले हैं, जिनमें 6 पूर्ण रूप से जनजाति बहुल जिले तथा 15 आंशिक जनजाति बहुल जिले हैं। मध्यप्रदेश में 89 जनजाति विकास खंड हैं। मध्यप्रदेश के 15 जिलों में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया एवं सहरिया के 11 विशेष पिछड़ी जाति समूह अभिकरण संचालित हैं।

मध्यप्रदेश सरकार जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक और शैक्षणिक विकास के साथ ही उनके स्वास्थ्य एवं जनजाति बहुल क्षेत्रों के विकास के लिए विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही हैं। (1) मध्यप्रदेश के विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल 15 जिलों में आहार अनुदान योजना संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों की महिला मुखिया के बैंक खाते में प्रतिमाह रू. 1000 की राशि जमा की जाती रही है। (2) आकांक्षा योजना के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के 11वीं एवं 12वीं कक्षा के प्रतिभावान विद्यार्थियों को राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे जईई, नीट, क्लेट की तैयारी के लिए निःशुल्क कोचिंग एवं छात्रावास की सुविधा प्रदान की जाती है।

समसामयिक

## महाराष्ट्र-झारखंड में सियासी सूझबूझ मस्त, अहंकार पस्त

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के साथ-साथ लोकसभा की दो सीटों और विभिन्न दर्जनाधिक राज्यों की 48 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम चौंकाने वाले हैं। ये चुनाव परिणाम इस बात का स्पष्ट इशारा कर रहे हैं कि मतदाताओं ने जहां सियासी सूझबूझ को ग्रेस देते हुए मस्त कर दिया है, वहीं राजनैतिक अहंकार को पूरी तरह से पस्त करके जमीन पर ला दिया है। मतलब यह कि पारस्परिक सिरफुटौव्वल को सिरे से खारिज कर दिया है। दो टूक शब्दों में कहें तो मतदाताओं ने जहां महाराष्ट्र के भाजपा नेता व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को सहयोगियों सहित और झारखंड के जेएमएम नेता व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साथियों सहित अपनी-अपनी सियासत को नए सिरे से आगे बढ़ाने का मौका दिया है।

वहीं, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, एनसीपी शरद पवार के नेता शरद पवार/सुप्रिया सुले, शिवसेना यूटीबी के नेता उद्धव भाऊ ठाकरे, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव आदि को जोर का झटका धीरे से दिया है, क्योंकि इनके बीच समुचित सामंजस्य के अभाव को मतदाताओं ने समय रहते ही भांप लिया और इनकी उम्मीदों के विपरीत परिणाम दिया।

हालांकि तृणमूल कांग्रेस नेत्री व पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की लाज जनता ने बचा ली है। वहीं, पंजाब में आप-कांग्रेस की टक्कर एकबार फिर सामने आई है, जो आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी दिखाई देगी। वहीं, कांग्रेस नेत्री और वायनाड, केरल के लोकसभा उपचुनाव की प्रत्याशी प्रियंका गांधी को जीत देकर उनका राजनीतिक मार्ग प्रशस्त कर दिया है। जबकि महाराष्ट्र के नांदेड़ लोकसभा उपचुनाव में कांग्रेस की शिकस्त और बीजेपी को बढ़त मिली है।

खास बात यह है कि महाराष्ट्र के शिवसेना नेता और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा एनसीपी नेता व उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी अपने-अपने दल को तोड़ने के बावजूद अपनी-अपनी पार्टी की विरासत पर पूरी तरह से कब्जा जमा लिया है। उनके इस मिशन को पूरा करने में भाजपा नेता व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के चमत्कारिक नेतृत्व के योगदान को नकारा नहीं जा सकता है। कुल मिलाकर एक ओर महाराष्ट्र में भाजपा



के नेतृत्व वाले महायुति (गठबंधन) को प्रचंड जीत मिली है, वहीं दूसरी ओर झारखंड में जेएमएम के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त करने में सफलता हासिल कर ली है। अब इनका मुख्यमंत्री कौन होगा और उनका मंत्रिमंडल कैसा होगा, इसको लेकर माथापच्ची शुरू हो चुकी है।

वहीं, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, एनसीपी शरद पवार और शिवसेना यूटीबी के महाविकास अगाड़ी के अलावा यूपी विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी और बिहार विधानसभा उपचुनाव में राष्ट्रीय जनता दल के निराशाजनक प्रदर्शन से इनकी आंतरिक रस्साकशी का भी भंडाफोड़ हो चुका है। इससे इनके लोकसभा चुनावों के संयुक्त प्रदर्शन पर भी पानी फिर गया है। इससे सेक्यूलर मतदाताओं में भी गहरी निराशा छा गई है। हालांकि, झारखंड में कांग्रेस और राजद को मिली जीत से पार्टी के नेतृत्व को थोड़ी राहत मिली है।

वहीं, एनडीए की जोरदार सफलता से विकास, हिंदुत्व व राष्ट्रवाद की भावना एक बार फिर उफान पर है, क्योंकि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के %बटेंगे तो कटेंगे% के नारे और पीएम नरेंद्र मोदी के %एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे% के नारों का असर महाराष्ट्र से लेकर यूपी-बिहार तक दिखाई पड़ा है। राजस्थान, मध्यप्रदेश से लेकर असम तक इसका असर पड़ा है। लेकिन झारखंड में यह नारा कैसे मिस्फायर कर गया, यह शोध का विषय है। वहीं, बंगलादेशियों/रोहिंग्या मुसलमानों का मुद्दा भी यहां फेल हो गया, क्योंकि इनलोगों ने गोलबंद होकर इंडिया गठबंधन को पोल कर दिया। वहीं, लाडली बहना योजना की सफलता ने महाराष्ट्र की महायुति सरकार को फिर से वहां लौटने का मौका दिया है। वहीं, केरल और कर्नाटक में कांग्रेस की सियासी इज्जत बच गई है।

बता दें कि लगभग एक दर्जन से अधिक राज्यों की 48 विधानसभा सीटों सहित लोकसभा की 2 सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे और इनके रुझानों से उपर्युक्त आशय के संकेत मिले हैं। इन 48 सीटों में से यूपी की 9 सीटों पर देशभर की निगाहें लगी हुई हैं, जहां बीजेपी नेता व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 सीट जीतकर एकबार फिर अपना जलवा दिखा दिया है, जबकि सपा को मात्र 2 सीटों पर संतोष करना पड़ा, जिससे उसके पीडीए का दम्भ चकनाचूर हो गया। उधर, बिहार में राजद विस उपचुनाव वाली चारों सीटों पर पिछड़ती चली गई, जिससे तेजस्वी यादव के नेतृत्व पर अब सवाल उठने लगा है।

इसके अलावा वायनाड सीट के रिजल्ट को लेकर भी काफी उत्सुकता है, जहां से प्रियंका गांधी वाड्रा ने जीत हासिल की है। साथ ही राजस्थान में 7, पश्चिम बंगाल में 6, असम में 5, पंजाब और बिहार में 4-4 सीटों पर हुए उपचुनाव के नतीजे से जहां सत्ताधारी गठबंधन सब पर भारी पड़ता दिखाई दे रहा है। वहीं, कर्नाटक और केरल में 3-3 सीटों पर हुए उपचुनाव में कांग्रेस गठबंधन की लाज बच गई है। इनके अलावा उत्तराखंड की केदारनाथ सीट पर नजरें टिकी हैं, जहां भाजपा प्रत्याशी ने जीत हासिल की है। इससे साफ है कि महाराष्ट्र-झारखंड में सियासी सूझबूझ मस्त साबित हुआ, जबकि अहंकार पस्त हो गया।

महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनावों के साथ-साथ लोकसभा की दो सीटों और विभिन्न दर्जनाधिक राज्यों की 48 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के परिणाम चौंकाने वाले हैं। ये चुनाव परिणाम इस बात का स्पष्ट इशारा कर रहे हैं कि मतदाताओं ने जहां सियासी सूझबूझ को ग्रेस देते हुए मस्त कर दिया है, वहीं राजनैतिक अहंकार को पूरी तरह से पस्त करके जमीन पर ला दिया है। मतलब यह कि पारस्परिक सिरफुटौव्वल को सिरे से खारिज कर दिया है। दो टूक शब्दों में कहें तो मतदाताओं ने जहां महाराष्ट्र के भाजपा नेता व उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को सहयोगियों सहित और झारखंड के जेएमएम नेता व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को साथियों सहित अपनी-अपनी सियासत को नए सिरे से आगे बढ़ाने का मौका दिया है।

सख्सियत

## गुरु तेग बहादुर को कहा जाता है 'हिंद की चादर'



भारत के इतिहास में ऐसे कई महान और क्रांतिकारी पुरुषों का जन्म हुआ। जिन्होंने अपने आदर्शों, संस्कृति, धर्म और मूल्यों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहूति दे दी। ऐसे ही महान पुरुष सिखों के 9वें गुरु, गुरु तेग बहादुर सिंह थे। उनको 'हिंद की चादर' भी कहा जाता है। गुरु तेग बहादुर ने मुगल शासक औरंगजेब का खुलकर विरोध किया और अपने धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बलि दे दी। आज ही के दिन यानी की 24 नवंबर को गुरु तेग बहादुर की औरंगजेब ने हत्या करवा दी थी। इसलिए 24 नवंबर को गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस भी मनाया जाता है। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर गुरु तेग बहादुर के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

### जन्म और परिवार

पंजाब के अमृतसर में 21 अप्रैल 1621 को गुरु तेग बहादुर का जन्म हुआ था। इनके पिता 6वें सिख गुरु, गुरु हरगोबिंद थे और माता का नाम नानकी था। बचपन में इनका नाम त्यागमल था। यह अपने पिता के सबसे छोटे बेटे थे।

### त्यागमल से बने तेग बहादुर

बताया जाता है कि एक बार गुरु तेग बहादुर अपने पिता गुरु हरगोबिंद साहिब के साथ करतारपुर की लड़ाई के बाद किरतपुर जा रहे थे। इस दौरान उनकी उम्र 13 साल थी। तभी फगवाड़ा के पास मुगलों की सेना ने उन पर अचानक से हमला कर दिया। इस युद्ध में अपने पिता के साथ गुरु तेग बहादुर ने भी मुगलों का सामना किया। छोटी उम्र में उनका साहस और जज्बा देखकर उनको नाम त्यागमल से तेग बहादुर रख दिया गया।

### ऐसे बने 9वें गुरु

गुरु तेग बहादुर की शादी 1632 में जालंधर के नजदीक करतारपुर में बीबी गुजरी से हुई। शादी के बाद वह अमृतसर के पास बकाला में रहने लगे। वहीं 8वें सिख गुरु हरकृष्ण साहिब की मृत्यु के बाद मार्च 1665 में गुरु तेग बहादुर साहिब अमृतसर के गुरु की गद्दी पर आसीन हुए और सिखों के 9वें गुरु बने।

### धर्म का प्रचार-प्रसार

धर्म के प्रचार-प्रसार व लोक कल्याणकारी कार्य के लिए गुरु तेग बहादुर ने कई स्थानों का भ्रमण किया। आनंदपुर से कीरतपुर, रोपड, सैफाबाद के लोगों को सहजता और संयम का पाठ पढ़ाते हुए वह खिआला पहुंचे। यहां पर धर्म का प्रचार करते हुए गुरु तेग बहादुर दमदमा साहब से होते हुए कुरुक्षेत्र पहुंचे। फिर प्रयाग, बनारस, असम और पटना गए। जहां पर उन्होंने आध्यात्मिक, सामाजिक, आर्थिक, उन्नयन के लिए कई रचनात्मक कार्य किए। इसी दौरान पटना साहिब में 1666 में उनके पुत्र पुत्र गुरु गोबिन्द सिंह का जन्म हुआ, जो आगे चलकर सिखों के 10वें गुरु बने।

### कश्मीरी पंडितों के लिए औरंगजेब से विद्रोह

तेग बहादुर के समकालीन मुगल बादशाह औरंगजेब था। उसकी छवि कट्टर बादशाह के रूप में थी। औरंगजेब के शासनकाल में हिंदुओं का जबरन धर्म परिवर्तन किया जा रहा था। इसका सबसे ज्यादा शिकार कश्मीरी पंडित हुए। ऐसे में औरंगजेब के अत्याचार से बचने के लिए कश्मीरी पंडितों का एक प्रतिनिधिमंडल श्री आनंदपुर साहिब में श्री गुरु तेग बहादुर साहिब से मदद मांगने के लिए पहुंचा।

### महीनों तक कैद में रखा

कश्मीरी पंडितों को उनके धर्म की रक्षा का आश्वासन देकर गुरु तेग बहादुर हिन्दुओं को बलपूर्वक मुस्लिम बनाने का खुले स्वर में विरोध करने लगे। वहीं उन्होंने कश्मीरी पंडितों की सुरक्षा का जिम्मा भी अपने सिर ले लिया। उनके इस फैसले से औरंगजेब गुस्से से भर गया और जब 1675 में गुरु तेग बहादुर अपने 5 सिख साथियों के साथ आनंदपुर से दिल्ली के लिए निकले तो औरंगजेब ने उनको रास्ते में पकड़ लिया और महीनों कैद में रखकर अत्याचार की सारी सीमाएं पार कर दीं।

### औरंगजेब के आगे नहीं झुके गुरु तेग बहादुर

औरंगजेब के सिपाही गुरु गुरु तेग बहादुर को इस्लाम स्वीकार करने के लिए मजबूर करने लगे। गुरु तेग बहादुर की हत्या करने से पहले औरंगजेब ने उनके सामने तीन शर्तें रखी थीं। जिसमें पहली शर्त कलमा पढ़कर मुस्लिम बनने, दूसरी चमत्कार दिखाने या फिर तीसरी मौत स्वीकार करने की। गुरु तेग बहादुर ने पहली दो शर्तें मानने से इंकार कर दिया। जिसके बाद 24 नवंबर 1675 में जल्लाद जलालदीन ने अपनी तलवार से दिल्ली के चांदनी चौक में गुरु साहिब का शीश धड़ से अलग कर दिया।



# करण जौहर ने 'बागी 4' के लिए टाइगर श्रॉफ को दी शुभकामनाएं, साजिद को बताया दूरदर्शी



बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ की आगामी फिल्म 'बागी 4' की घोषणा इसके पहले पोस्टर के साथ कर दी है। यह फिल्म टाइगर श्रॉफ अभिनीत बागी की चौथी किस्त है। फिल्म के पहले पोस्टर के सामने आने के बाद करण जौहर ने शुभकामनाएं दी हैं। करण ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी साझा करते हुए लिखा, दूरदर्शी साजिद...नाडियाडवाला और टाइगर जैकी श्रॉफ के साथ उनके घातक संयोजन और एक ब्लॉकबस्टर यात्रा की शुरुआत के लिए बधाई। करण के इस पोस्ट से लगता है कि वह इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं।

### टाइगर श्रॉफ का दिखा खूंखार अंदाज

सोमवार को निर्माताओं ने बागी 4 से टाइगर श्रॉफ का दिलचस्प पोस्टर साझा करते हुए फिल्म की घोषणा की। पोस्टर में टाइगर हाथ में चाकू और पास में शराब की बोतल लिए टॉयलेट सीट पर बैठे नजर आ रहे हैं। उनका चेहरा, दीवारें और फर्श खून से सना हुआ है। जबकि उनके चारों ओर कई शव पड़े हैं। बागी 4 का निर्देशन कन्नड़ फिल्म निर्माता ए हर्षा करेंगे, यह उनकी बॉलीवुड में पहली फिल्म है। फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला ने नाडियाडवाला ग्रैंडसन बैनर तले किया है और यह 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### बागी फेंचाइजी

बागी फेंचाइजी की शुरुआत वर्ष 2016 में हुई थी। इसका निर्देशन सब्बीर खान ने किया था। फिल्म में टाइगर श्रॉफ, श्रद्धा कपूर और सुधीर बाबू मुख्य भूमिकाओं में थे। दूसरी किस्त, बागी 2 वर्ष 2018 में आई थी। अहमद खान द्वारा निर्देशित यह तेलुगु फिल्म क्षणम की रीमेक थी। इस फिल्म में टाइगर श्रॉफ के साथ दिशा पटानी, मनोज बाजपेयी और रणदीप हुड्डा भी नजर आए थे।




# ये काली काली आंखें के साथ ओटीटी पर लौट रही हैं श्वेता त्रिपाठी

**अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी फिर लौट आई हैं। मिर्जापुर, मसान में उनकी काली काली आंखों ने खूब जलवा दिखाया और अब जिस कहानी के साथ वह ओटीटी पर लौट रही है, उसका तो नाम ही है, ये काली काली आंखें। इस सीरीज के दूसरे सीजन में उनके किरदार पर ही लोगों की निगाहें टिकने वाली हैं क्योंकि बाकी सारे किरदार इस कहानी में अपने पत्ते पिछले सीजन में ही खोल चुके हैं।**

श्वेता त्रिपाठी कहती हैं, मैं चाहती हूं कि मेरे किरदार मुझसे अलग हों और एक-दूसरे से भी अलग हों। मुझे वे दांव पसंद हैं जो उच्च ड्रामा के साथ आते हैं, जहां प्रत्येक किरदार की यात्रा गहन और प्रभावशाली लगती है। ये काली काली आंखें में शिखा का किरदार मेरे किरदार से बहुत अलग है और मैं उसकी दुनिया में कदम रखने की चुनौती का आनंद लेती हूं। सीरीज ये काली काली आखें के बारे में उनका कहना है, ये शो वास्तव में सवाल पूछता है कि आप प्यार के लिए कितनी दूर तक जाएंगे? इस सीजन में शिखा खुद को इसी यात्रा पर पाती है, और मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जो दर्शकों को गहराई में ले जाएगा और डराएगा भी। इस सीजन में, दर्शकों को मेरे किरदार का एक स्त्री और कमजोर पक्ष दिखाई देगा, फिर भी वह उग्र और दृढ़ है। यह जीवन में एक रोमांचक संतुलन है।

ये काली काली आंखे के दूसरे सीजन का नेटफ्लिक्स पर खास प्रचार प्रसार तो नहीं हो रहा है लिहाजा इसके कलाकार अपनी बातें अपनी टीम के जरिये ही दर्शकों तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। इस सीरीज का पहला सीजन भी कुछ खास नहीं रहा। लेकिन, हां श्वेता को लोगों ने पसंद किया। इस बार भी वह कुछ नए कांड इस सीरीज में करने वाली हैं।

ीरीज में अपने किरदार के बारे में भी श्वेता ने खुलासा कर दिया है। वह बताती हैं, शिखा की दुनिया तब तबाह हो जाती है जब उसका सच्चा प्यार विक्रांत पूर्वा से शादी कर लेता है, जिससे वह खोई हुई और निराश महसूस करती है। स्वभाव से डरपोक और गैर-संघर्षशील, वह शुरू में दूसरों को नुकसान पहुंचाने के लिए किसी भी सीमा को पार करने से बचती है। इस सीजन में शिखा का एक नया पक्ष सामने आने वाला है क्योंकि वह विक्रांत के साथ अपने प्यार के लिए लड़ने का फैसला करती है।




## जारी हुआ अग्नि का ट्रेलर

# फायरमैन के किरदार में प्रतीक गांधी

अग्नि का ट्रेलर सोशल मीडिया पर जारी हो गया है। 2 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के संघर्ष की कहानी को अलग तरीके से दर्शकों के सामने प्रस्तुत किया गया है। फिल्म में प्रतीक गांधी फायर ब्रिगेड कर्मचारी की भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं, मिर्जापुर के मुन्ना भैया यानी दिव्येंदु को पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगे। ट्रेलर की शुरुआत में कहा जाता है कि जब आग लगती है तो हम किसे बुलाते हैं..बच्चे कहते हैं भगवान को। तो फायर ब्रिगेड कर्मचारी पूछता है, और किसे तो जवाब आता है फायर ब्रिगेड को। फिल्म के ट्रेलर में फायर ब्रिगेड कर्मचारियों के जीवन की कहानी बया की जा रही है, जिसमें प्रतीक गांधी अहम रोल निभा रहे हैं।



# एक फिल्म के अंदर गुड्डू पंडित को ढालने को लेकर निश्चित नहीं हैं अली

मिर्जापुर अमेजन प्राइम वीडियो की बेहद लोकप्रिय और सफल वेब सीरीज है। हाल में इस पर फिल्म बनाने की घोषणा की गई है, जिसके बाद से फैंस अपने पसंदीदा किरदारों को फिल्मी पर्दे पर देखने के लिए काफी बेकरार हैं। हाल में ही एक इंटरव्यू के दौरान सीरीज में गुड्डू भैया के किरदार में नजर आए अभिनेता अली फजल ने इसे लेकर बात की है। उन्होंने अपने किरदार की फिल्मी रुपांतरण पर संदेह जताते हुए कहा कि वह पूरी तरह से निश्चित नहीं है कि एक फिल्म के अंदर किस तरह से उनके इस किरदार को समाया जा सकेगा।

अभिनेता ने मिर्जापुर फिल्म को लेकर कहा कि अब तीनों सीजन की चीजों को नए प्रारूप में ढाल कर एक फिल्म के अंदर लाना काफी चुनौती भरा होगा। उन्होंने कहा कि वो इसे लेकर पूरी तरह से निश्चित नहीं हैं। उन्होंने कहा, यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि कहानी इस नए प्रारूप में कैसे सामने आती है। उन्होंने फिल्म को लेकर उत्सुकता जताते हुए कहा कि यह टीम के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस दौरान उन्होंने लोकप्रिय हॉलीवुड सीरीज पीकी ब्लाइंडर्स का जिक्र करते हुए कहा कि लगभग उस समय ही इस शो को भी फिल्म के रूप में रूपांतरित करने की घोषणा की गई थी।

### बड़े पर्दे पर तीनों सीजन की कहानी को फिट करना होगी चुनौती

अपने किरदार को लेकर बात करते हुए अली फजल ने कहा कि उन्हें यकीन नहीं है कि उनकी भूमिका को और कितना आगे बढ़ाया जा सकता है, यह देखते हुए कि कई पहलुओं पर पहले ही काम किया जा चुका है।

अभिनेता ने यह भी चर्चा की कि निर्माताओं के लिए उनके इतने बड़े किरदार को पर्दे पर फिट करना काफी चुनौतीपूर्ण होगा। अभिनेता ने कहा, अब लक्ष्य तीनों सीजन की कहानी को एक या दो घंटे के संक्षिप्त सिनेमाई अनुभव में बदलना है, जो काफी चुनौतीपूर्ण है। यह सब इस बात पर निर्भर करता है कि कहानी इस नए प्रारूप में कैसे सामने आती है। हाल ही में, निर्माताओं द्वारा मिर्जापुर फिल्म की घोषणा करते हुए पंकज त्रिपाठी, अली फजल, दिव्येंदु और अभिषेक बनर्जी की झलक दिखाई गई थी। फरहान अख्तर द्वारा साझा किए गए इस वीडियो जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि मिर्जापुर- द फिल्म साल 2026 में सिनेमाघरों में आएगी। फरहान ने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, अब भौकाल भी बड़ा होगा और पर्दा भी। मिर्जापुर द फिल्म, जल्द ही आ रही है।

### ऋतिक रोशन के कालीन भैया के किरदार में नजर आने की है अफवाह

फिल्म की घोषणा के बाद से ही इसे लेकर अफवाहों को दौर भी शुरू हो गया है। ऐसी ही एक अफवाह में कहा जा रहा है कि मिर्जापुर फिल्म में कालीन भैया की भूमिका में पंकज त्रिपाठी की जगह ऋतिक रोशन को लिया जाएगा। यह फिल्म मिर्जापुर की दुनिया में और गहराई से उतरेगी, जिसके तहत इसके मूल किरदार अपनी लोकप्रिय भूमिकाओं को दोबारार से निभाते हुए नजर आएंगे। बताते चलें कि मिर्जापुर- द फिल्म को अमेजन एमजीएम स्टूडियो और एक्सेल एंटरटेनमेंट द्वारा समर्थित किया गया है। वहीं, फिल्म का निर्माण पुनीत कृष्णा ने किया है और गुरमीत सिंह इसका निर्देशन करने वाले हैं।

# शादी की खबरों पर मीनाक्षी चौधरी ने चुप्पी तोड़ी



मीनाक्षी चौधरी साउथ की बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक हैं। वर्तमान में अभिनेत्री के पास कई फिल्में हैं। हाल ही में उनकी फिल्म मटका रिलीज हुई, जिसमें वे साउथ अभिनेता वरुण तेज के साथ नजर आईं। हालांकि, इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुकाबले प्रदर्शन नहीं किया। वहीं, अब अभिनेत्री अपनी अगली फिल्मों की तैयारियों में व्यस्त हो गई हैं। इस बीच अभिनेत्री की शादी की चर्चाओं ने भी तूल पकड़ा। वहीं, अब खुद मीनाक्षी ने अपनी शादी की खबरों पर चुप्पी तोड़ी है।

### नागार्जुन के भतीजे को मीनाक्षी कर रहीं डेट?

दरअसल, पिछले कुछ हफ्तों में सोशल मीडिया एक अफवाह उड़ी कि नागार्जुन के भतीजे सुशांत मीनाक्षी चौधरी से शादी करने वाले हैं। इस जोड़ी ने फिल्म इचता वाहनमुलु निलुपराधु में काम किया था। यह अफवाह क्यों और कैसे उड़ी, इसका कोई कारण नहीं पता, लेकिन यह वायरल हो गई। दावा किया गया कि वे नागार्जुन के भतीजे सुशांत को डेट कर रही हैं और अब शादी करने वाली हैं।

### शादी की खबरों को बताया झूठा

मीनाक्षी चौधरी की इस साल की छठी फिल्म मैकेनिक रॉकी जल्द ही रिलीज होने वाली है। अभिनेत्री फिल्म के प्रचार में जुटी हुई हैं। हालांकि, कल रात मैकेनिक रॉकी के प्री-रिलीज इवेंट के दौरान मीनाक्षी ने इस बात को साफ कर दिया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्होंने भी ये अफवाहें सुनी हैं और उनका सख्त रूप से खंडन किया है। साथ ही उन्होंने कुछ फिल्मों का हिस्सा होने की खबरों का भी खंडन किया।

### सिंगल हैं अभिनेत्री

मीनाक्षी ने आखिरकार स्पष्ट किया कि वह शादी नहीं कर रही हैं। मीनाक्षी ने कहा, यह एक अफवाह है और मैं शादी नहीं कर रही हूं। मुझे नहीं पता कि ये अफवाहें क्यों उड़ती हैं। एक दिन, मैंने पढ़ा कि मैं सालार का हिस्सा हूं और दूसरे दिन, मैंने पढ़ा कि मैं विश्वंभरा का हिस्सा हूं। अभिनेत्री ने यह भी पुष्टि की कि वह फिलहाल सिंगल है। उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, मैं फिलहाल सिंगल हूं, लेकिन अभी शादी के लिए तैयार नहीं हूं।

### मीनाक्षी की आने वाली फिल्में

वहीं, बात करें मीनाक्षी चौधरी की आने वाली फिल्मों के बारे में तो वे विक्ट्री वेंकटेश के साथ संक्रांतिकी वस्तुन्नम के लिए कमर कस रही हैं, जो संक्रांति 2025 के दौरान एक भव्य रिलीज के लिए तैयार है। उन्होंने नागा चैतन्य के साथ एक प्रोजेक्ट साइन किया है, हालांकि आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। मैकेनिक रॉकी इस महीने की 22 तारीख को सिनेमाघरों में आ रही है। श्रद्धा श्रीनाथ भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।



# शाहिद कपूर के साथ मतभेद की अटकलों पर बोले अनीस बज्मी

अनीस बज्मी इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म भूल भुलैया 3 की सफलता का आनंद ले रहे हैं। हाल में ही कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये बताया जा रहा था कि शाहिद और रश्मिका मंदाना के साथ अनीस बज्मी की कॉमेडी फिल्म अगस्त 2023 में शुरू होने वाली थी, लेकिन रचनात्मक मतभेदों के कारण कपूर के बाहर चले जाने के बाद इसे बंद कर दिया गया।

### न किसी से दुश्मनी है न नाराजगी

न्यूज 18 के साथ एक इंटरव्यू के दौरान निर्देशक ने बंद हो चुकी कॉमेडी फिल्म के लिए शाहिद कपूर के साथ फिर से जुड़ने का संकेत दिया है। निर्देशक ने कहा, मेरे दिमाग में अभी भी वह फिल्म है। इस दौरान उन्होंने शाहिद के साथ फिर से काम करने को लेकर उत्साह व्यक्त किया और उनकी प्रतिभा की प्रशंसा भी की इस दौरान उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि उनके बीच कोई मतभेद या दुश्मनी नहीं है। निर्देशक के इस बात से दोनों को लेकर भविष्य में साथ काम करने की संभावनाएं जाहिर होती हैं। उन्होंने साफ-साफ कहा, मुझे किसी से न दुश्मनी है न नाराजगी।

### स्पष्ट बातें भ्रम से बचाने में मददगार होती हैं

अनीस बज्मी ने विवाद की अफवाहों को संबोधित करते हुए बताया कि फिल्म निर्माण के लिए आपसी समझ और ईमानदारी की आवश्यकता होती है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अपेक्षाओं के बारे में स्पष्ट बातें भ्रम से बचने में काफी मददगार होती हैं। अपनी खुद की कार्यशैली को स्वीकार करते हुए, उन्होंने कहा कि वर्षों के अनुभव के बाद, उनके लिए अपना दृष्टिकोण बदलना अब काफी चुनौतीपूर्ण है।

### साथ आएंगे तो, बेहतर फिल्म ही बनाएंगे

अनीस बज्मी ने आगे कहा कि शाहिद का भी उनके जैसा ही काम करने और सोचने का अपना एक अलग तरीका है। उन्होंने कहा कि दोनों के दृष्टिकोण हमेशा मेल नहीं खाते, लेकिन उनका मानना है कि यह बिल्कुल ठीक है। उन्होंने उल्लेख किया कि अगर भविष्य में उनकी संवेदनाएं मेल खाती हैं, तो वे निश्चित रूप से फिर से सहयोग करेंगे। निर्देशक ने दोनों के बीच के रिश्ते को लेकर कहा कि इस स्थिति ने उनके बंधन को प्रभावित नहीं किया है। उन्होंने साझा किया कि शाहिद हमेशा उन्हें प्यार और सम्मान के साथ बधाई देते हैं, और वह अभिनेता को लेकर भी ऐसा ही महसूस करते हैं। भूल भुलैया 3 निर्देशक ने आगे कहा कि जब वे फिर से साथ आएंगे, तो बिना किसी शंका के एक बेहतरीन फिल्म बनाएंगे।

### शाहिद और अनीस बज्मी का वर्क फ्रंट

बात करें, शाहिद कपूर के वर्क फ्रंट की, तो उनकी आगामी फिल्म देवा है, जो प्रसिद्ध मलयालम फिल्म निर्माता रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित एक एक्शन से भरपूर मनोरंजक फिल्म है। ये फिल्म 14 फरवरी, 2025 को वैलेंटाइन डे पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में पूजा हेगड़े, पावेल गुलाटी और कुब्रा सैत भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। इसके अलावा शाहिद कपूर अश्वत्थामा- द सागा कंटीन्यूजमें काम करने वाले हैं। वहीं, बात करें अनीस बज्मी की, तो कहा जा रहा है कि वो नो एंट्री के सीक्वल की तैयारियां कर रहे हैं।



# स्टार गेजिंग (आकाश दर्शन) कार्यक्रम का आयोजन आज

जयपुर टाइम्स

**जमवारामगढ़(निसं.)।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान सरकार जयपुर के उपक्रम क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र एवं विज्ञान उद्यान द्वारा एस्ट्रोनाइट स्काई टूरिज्म कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार 25 नवंबर को शाम 6.00 बजे से रात 7.30 बजे तक स्टार गेजिंग (आकाश दर्शन) कार्यक्रम का आयोजन जमवारामगढ़ में किया जाएगा। जिसमें आम जनों व ग्रामवासियों को शुक्र और शनि ग्रह उच्च स्तरीय टेलीस्कोप से दिखाया जाएगा। आमजनों को विज्ञान वार्ता गतिविधि के तहत रात्रि आकाश में दिखाई देने वाली राशियों, ग्रहों और नक्षत्रों को पहचानने की जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी। रात्रि आकाश से दिशाओं का किस तरह पहचान कर सकते है, सभी नजारे उच्च क्षमता वाले टेलिस्कोप के माध्यम से निःशुल्क अवलोकन करवाए जाएंगे। ज्ञतव्य हो कि एस्ट्रोनॉट स्काई टूरिज्म कार्यक्रम विभाग द्वारा आकाशीय पिंडों की अवलोकन की दिशा में एक महत्वपूर्ण गतिविधि है।

# आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का लोकार्पण कार्यक्रम आज आयोजित होगा

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस.)** चाकसू कस्बे में सोमवार 25 नवम्बर को? दो जगहों पर जनता क्लीनिक का लोकार्पण होगा। वहीं चाकसू बीसीएमओ डॉ सौम्य पंडित ने बताया कि सोमवार को प्रातः 11 बजे शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर शीतला चाकसू (सेकोईडेकोन शीतला) तथा दोपहर 12 बजे शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर गरुड़वासी रोड चाकसू का लोकार्पण किया गया। वहीं लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चाकसू विधायक रामावतार बैरवा के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में लोग पधारे।

# विराट टैलेंट सर्च परीक्षा 2024 के लिए किया संपर्क



जयपुर टाइम्स

**विराटनगर(निसं.)।** प्रजापति जागृति सेवा समिति तहसील विराटनगर के सदस्यों ने विराट टैलेंट सर्च एक्जाम 2024 और भामाशाह सम्मान कार्यक्रम के लिए विभिन्न गांवों में विद्यार्थियों और समाज बंधुओं से संपर्क किया। समिति अध्यक्ष हजारी लाल ने बताया कि यह परीक्षा 29 दिसंबर 2024 को आयोजित की जाएगी।जिसमें कक्षा 10 और 12 के छात्र सम्मिलित होंगे। फॉर्म ऑनलाइन लिए जा रहे है।मीडिया प्रभारी राजेश प्रजापति ने बताया कि पुरस्कार की राशि कक्षा 10 में प्रथम स्थान से पंचम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पारितोषिक रूप में क्रमशः 11000 रूपये, 5100 रूपये, 3100 रूपये, 2100 रूपये और 1100 रूपये दिए जाएंगे। कक्षा 12 के प्रत्येक संकाय में प्रथम से तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को क्रमशः 11000 रूपये, 5100रूपये और 3100 रूपये पारितोषिक रूप में दिए जाएंगे। प्रोफेसर धर्मपाल प्रजापत ने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिए आठ परीक्षा केंद्र बनाएं गए है। इस दौरान जागृति मंच के पदाधिकारी ने रविवार को बागावास अहिरान,बड़नगर, ठीकरिया, जयसिंहपुरा में जनसंपर्क कर विद्यार्थियों को अधिक से अधिक संख्या में इस परीक्षा में भाग लेने की अपील की है। इस दौरान पूर्व वर्ड पंच पांचूराम कुम्हार, पूरणमल कुम्हार, सुगनचंद कुम्हार,जितेंद्र कुम्हार सहित अनेकों लोग मौजूद थे।

# सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा किक्रेट प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन किया




जयपुर टाइम्स

**चोमू(निसं.)।** सर्व ब्राह्मण महासभा जयपुर देहात के तत्वावधान में 22 दिसंबर 2024 से श्री वीर तेजाजी क्रिकेट ग्राउंड जैतपुरा पर आयोजित होने वाले सर्व ब्राह्मण समाज क्रिकेट प्रतियोगिता के पोस्टर का विमोचन चोमू थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा के द्वारा किया गया, इस अवसर पर थाना अधिकारी प्रदीप शर्मा ने कहा कि खेल से अनुशासन ,संयम और नैतिक मूल्य विकसित होते हैं, इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष आनंद मिश्रा ,जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, कार्यक्रम संयोजक राकेश कुमार शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष गजानंद शर्मा ,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनवारी लाल भातरा, जिला महामंत्री कैलाशचंद शर्मा, जिला सचिव राजेश मिश्रा ,जिला प्रवक्ता योगेश शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा अनिल शर्मा सहित महासभा पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे, जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा एवं कार्यक्रम संयोजक राकेश शर्मा ने बताया की प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन चालू है।

# जीवन को रुदन नहीं गीत बनाना चाहिए-साध्वी सुहृदय गिरी

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** श्रीजी फाउंडेशन द्वारा एनएच-27 केसरगंज चौराहा स्थित श्रीजी रिसोर्ट में करवाई जा रही श्रीमद्भागवत कथा में साध्वी सुहृदय गिरी ने कहा कि धर्म में वर्ण संकरता नहीं होनी चाहिए।भक्ति रहित ज्ञान व्यक्ति को रूखा बनाता हैं और भक्ति सहित ज्ञान व्यक्ति को सरस बनाता हैं।साध्वी सुहृदय गिरी ने कहा कि गौ,गंगा और गीता को जीवन का उद्देश्य बनाएं।साथ ही जीवन को रुदन नहीं गीत बनाना चाहिए।कथा के दौरान रुक्मणि विवाह,कंस वध के प्रसंग सुनाए गए।प्रसंग से सम्बंधित जीवंत झांकिया भी बनाई गई।रुक्मणि विवाह के प्रसंग के दौरान आयोजकों द्वारा 3 जोड़ों का निःशुल्क विवाह सम्पन्न करवाया गया। साध्वी सुहृदय गिरी द्वारा रविवार को मंदाकिनी महादेव में जलाभिषेक भी किया गया।कथा का समापन सोमवार को होगा।इस दौरान हवन,पूर्णाहुति व प्रसादी के कार्यक्रम होंगे।



# एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार बलाई विकास समिति जयपुर के अध्यक्ष बने

## एडवोकेट परिहार 110 मतों से विजय घोषित

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निसं.)।** शहर के मोरीजा रोड़, बी-2, गुलाब विहार कॉलोनी में स्थित बलाई समाज सभा-भवन में बलाई विकास समिति जयपुर (मुख्यालय-चौमूं) के द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. कैलाश चंद्र बुनकर व सहायक चुनाव अधिकारी गजानंद परिहार ने बताया कि कुल 622 मत पेटी में पड़ें। 564 पुरूष व 58 महिलाओं ने मतदान किया। अध्यक्ष पद पर एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार को 281 मत मिले, एडवोकेट जितेंद्र कुमार बुनकर को 171 मत मिले, नरेन्द्र कुमार तंवर को 120 मत मिले व महेश कुमार नारनोलिया को 50 मत मिले। एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार 110 मतों से विजय घोषित किया। इससे पूर्व सभी मतदाताओं ने शांतिपूर्ण मतदान किया एवं पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं व युवाओं ने भी बढ-चढ़कर मतदान किया। इससे पूर्व सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया महासचिव व घनश्याम कान्देल कोषाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हो चुके है। मुख्य चुनाव अधिकारी डॉ. मोरदिया ने अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार, महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया, कोषाध्यक्ष घनश्याम कान्देल को शपथ दिलाई। सभी समाज बंधुओं ने नव निर्वाचित पदाधिकारियों का माला, साफा एवं मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान समिति के संरक्षक सेवानिवृत्त आईजी जीसी राय, सेवानिवृत्त एडीएम केआर बुनकर, बीएसएनएल के सेवानिवृत मुख्य पर्यवेक्षक रामकिशोर राय, राष्ट्रीय एससी भाजपा मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गणपत वर्मा, राजस्थान बलाई विकास संस्थान के अध्यक्ष डॉ. बीडी नैनावत, महासचिव राजकुमार बुनकर, कृषि विभाग सीकर के अतिरिक्त निदेशक रामनिवास पालीवाल, मानव जन जागृति संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष सौदागर कांदेला, कोषाध्यक्ष मुकेश जिंदल, समिति के पूर्व अध्यक्ष नेमीचंद पंवार, एडवोकेट धर्मेंद्र कुमार घसिया, बद्रीनारायण कांदेला, पूर्व महासचिव हनुमान सहाय झाटीवाल, चौथमल डूंडलोदिया, राजपाल सिंह वर्मा, पूर्व कोषाध्यक्ष शंकरलाल सरावता, पूर्व उपकोषाध्यक्ष गोपाल चंद सोगण, सेवानिवृत बीईईओं सत्यनारायण बुनकर, सरपंच मनोहर सरावता, पूर्व सरपंच नानूराम दायमा, पूर्व सरपंच प्रेमदेवी वर्मा, पूर्व सरपंच राजेश वर्मा, पूर्व सरपंच छीगनलाल झाटीवाल, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष चन्द्रकला नागौरी, महेश कालावत, हरिनारायण लाखीवाल, सेडूराम कालोया, सेवानिवृत प्रधानाचार्य गोपाललाल बुनकर, सेवानिवृत प्रधानाचार्य सीताराम बुनकर, नानगराम लुनीवाल, बाबूलाल नारनोलिया, चिरंजीलाल वर्मा, राजेन्द्र बॉयला, हिमांशु कान्देला, सुरेश कालोया, हेमराज हरसोलिया, सेडूराम मेदवाल, हेमराज गोठवाल, सुभाष गोरासरा, नंदकिशोर मोरदिया, नरेश कुमार वर्मा, नंदकिशोर देवठिया, रामकरण गोठवाल, अभिषेक मोरदिया, एडवोकेट मनोहर परिहार, रामावतार बॉयला, मुकेश कालोया, मूलचंद बॉयला, सत्यनारायण वर्मा, फूलचंद सिंगल, रिछपाल दायमा, सुरेश फौजी, जितेंद्र हरसोलिया, रोहित परिहार, विरेंद्र प्रताप वर्मा सहित सैकडों लोग मौजूद थे।



# श्री कामधेनु गौशाला एवं सेवार्थ फाउंडेशन के तत्वावधान में निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस.)** चाकसू कस्बे में स्थित नीलकंठ हनुमान मंदिर परिसर में रविवार को श्री कामधेनु गौशाला एवं सेवार्थ फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में विशाल निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार बताया कि शिविर में 1152 लोगो ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और जरूरतमंद समुदायों को मुफ्त चिकित्सा सेवाएं प्रदान करना था। शिविर में डॉ. शिवानी जैन, डॉ. विजय नेनिवाल, डॉ. संजय मीना, डॉ. अरविंद ठाकुरिया, डॉ. कविता यादव, डॉ. रजत गुप्ता, डॉ. कमलेश शर्मा, डॉ. नीरज गर्ग, डॉ. पीयूष जैन, डॉ. भानु कौशिक और डॉ. विमल गुप्ता जैसे विशेषज्ञ डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं। इस दौरान मरीजों को सामान्य बीमारियों, न्यूरो, यूरोलॉजी, हड्डी रोग और स्त्री रोग की जांच की गई। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। ग्रामीणों ने इस शिविर के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण वे नियमित चिकित्सा जांच नहीं करा पाते हैं। ऐसे शिविर उनके लिए बेहद उपयोगी हैं और उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं। शिविर में उपस्थित डॉक्टरों और स्वयंसेवकों ने मरीजों की समस्याओं का गहनता से निदान किया और उन्हें उचित परामर्श प्रदान किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य केवल गौसेवा तक सीमित नहीं था, बल्कि समाज के सभी वर्गों की सेवा करना भी उनकी प्राथमिकता है। शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों तक चिकित्सा सहायता पहुंचाने और स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। आयोजकों ने इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी डॉक्टरों, स्वयंसेवकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। भविष्य में भी इस प्रकार के चिकित्सा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए श्री कामधेनु गौशाला एवं सेवार्थ फाउंडेशन की टीम ने अथक मेहनत की। आयोजकों ने शिविर में सहयोग देने वाले सभी डॉक्टरों, स्वयंसेवकों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।



# गौ सेवक और बजरंग दल के सदस्यों ने पुलिस थाने में दिया ज्ञापन

## रैली निकालकर किया विरोध प्रदर्शन

## पिछले दिनों गौवंश के मिले थे कटे हुए अवशेष



जयपुर टाइम्स

**आंधी(निसं.)।** पंचायत समिति आंधी क्षेत्र में पिछले दिनों फुटोलाव मोड़ के पास गौ माता के कटे हुए अवशेष मिले थे। जिसको लेकर गौ सेवको व आसपास के लोगों में काफी रोष व्याप्त है। इस घटना को लेकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। रिपोर्ट दर्ज के करीब पांच छः दिन बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने पर गौसेवकों व ग्रामीणों ने रविवार को बिजली ग्रेड आंधी से रैली निकालकर आंधी थाने में ज्ञापन दिया । ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि गत दिनों 18 नवंबर 2024 को फुटोलाव मोड़ के पास करीब 9 गायो के कटे हुए अवशेष एवं रामपुरावास थली में उन गौवंशो की हत्या करने की एफआईआर आंधी थाने में दर्ज करवाई गई थी। रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद पुलिस थाना आंधी द्वारा दो तीन दिनों में आरोपीयों का खुलासा करने का आश्वासन दिया गया था लेकिन अभी तक गाय माता के हत्यारों को पकड़ा नहीं गया है जिससे आसपास के ग्रामीणो में आक्रोश का माहोल बना हुआ है।अगर आगामी दिनों में उक्त घटना का पर्दाफाश नही हुआ तो समस्त ग्रामीणो व संगठनों द्वारा किये गये उग्र आन्दोलन की समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान काफी संख्या में गौसेवक , विभिन्न संगठनों के सदस्य व ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

**घटना का जल्द किया जायेगा खुलासा.....**

पुलिस प्रशासन ने जल्दी ही घटना का खुलासा करने का आश्वासन दिया है , घटना को लेकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जिसको लेकर गौसेवकों व ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया है अगर जल्द ही घटना का खुलासा नहीं किया गया तो गौसेवकों व ग्रामीणों द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

**ये रहे मौजूद**

राकेश शर्मा फुटोलाव,आंधी सरपंच प्रतिनिधि राकेश बंदावला,राम अवतार भारतीय, अनुप शर्मा, अशोक शर्मा,जीवन समर्पित सेवा संस्थान अध्यक्ष सीताराम शर्मा खवारानीजी , जितेंद्र शर्मा, मिथलेश ब्याडवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**इनका कहना है.....**

तीव्र गति से अनुसंधान किया जा रहा है । पुलिस अपना काम कर रही है, घटना को लेकर कुछ साक्ष्य मिले हैं जल्द ही घटना का खुलासा किया जायेगा। गौवंश के आरोपियों को जल्द पकड़ा जायेगा।

**प्रदीप कुमार यादव वृताधिकारी वृत जमवारामगढ़**

# विद्यार्थी अधिक से अधिक संख्या में करें पौधारोपण- कमल यादव



## महाविद्यालय में विद्यार्थियों ने किया श्रमदान

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निसं.)।** कस्बे के भोनावास रोड पर स्थित भारती पीजी कॉलेज में शनिवार को विद्यार्थियों के द्वारा श्रमदान किया गया। वहीं प्राचार्य दयानंद ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं के द्वारा महाविद्यालय परिसर सहित खेल ग्राउंड में सफाई कर श्रमदान किया।वहीं इस कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत विद्यार्थियों में काफी उत्साह का माहौल देखने को मिला। जहां प्राचार्य दयानंद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि साफ सफाई करना मानव जीवन का अहम पहलू है। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि साफ सफाई का विशेष ध्यान देकर अपने घर पर भी पौधारोपण अवश्य करें। वहीं कालेज निदेशक कमल यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अधिक से अधिक संख्या में विद्यार्थियों से पौधे लगाने की अपील की और कहा कि मानव जीवन में पौधे बहुत महत्व होता है। प्रकृति का संरक्षण करना मानव का परम धर्म है।इस कार्यक्रम आयोजन के अंतर्गत सह आचार्य मुकेश कुमार यादव,दीपक टांक ,जितेंद्र कुम्हार,रवि सैनी सहित अनेको विद्यार्थी मौजूद रहे।

# गिरफ्तारी करने की मांग को लेकर पुलिस थानाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**चाकसू(निस.)** चाकसू उपखंड क्षेत्र के बाढ़ बलदेवपुरा गांव में कुछ महिने पहले पति-पत्नी के बिच हुए झगड़े को लेकर पीहर पक्ष की ओर से आए लोगों द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने का मामला पुलिस थाने में दर्ज हुआ था। ग्रामीणों ने शेष आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रविवार को ग्रामीणों ने कोटखावदा थानें में एसआई सुवालाल को ज्ञापन देकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। वहीं रविवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण कोटखावदा थानें पहुंचे एवं मारपीट करने वाले शेष आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। जानकारी में बताया की 8 अक्टूबर को पति-पत्नी के बीच हुए झगड़े को लेकर पत्नी के पीहर खाजलपुरा से आये लोगों द्वारा घर में घुस कर मारपीट की गई । वहीं एस आई सुवालाल ने बताया कि पुलिस ने शेष आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर सम्भावित जगहों पर दबिश दी गई थी। लेकिन आरोपी फरार हो गए थे पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही जल्दी ही पुलिस गिरफ्त में होंगे।

कुमावत समाज की 43 प्रतिभाओं को किया सम्मानित

# जय कुमावत शिक्षा समिति के तत्वावधान में छठवां प्रतिभावान सम्मान समारोह हुआ सम्पन्न

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निसं.)।** जय कुमावत युवा संगठन शिक्षा समिति की ओर से आयोजित 6वां प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह सरिया देवी मंदिर स्थित कुमावत धर्मशाला में रविवार को आयोजित हुआ। प्रतिभावान समारोह में 43 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार के साथ अन्य समाज बंधु उपस्थित रहे और उनके हाथों से विद्यार्थियों को पारितोषिक इनाम देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह के दौरान उपखंड अधिकारी कुम्हार ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा ही एकमात्र मूलमंत्र है। शिक्षा से केही समाज का विकास संभव है। इसके लिए सभी को सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों से आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा से ही देश व समाज का विकास संभव है। उन्होंने समाज के युवाओं को उच्च शिक्षा हासिल कर समाज व राष्ट्र के निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जय कुमावत शिक्षा समिति के पदाधिकारी ने अतिथियों एवं भामाशाहों का सम्मान किया गया। इस मौके पर ललित कुमार मेड़तिया के साथ संगठन की पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाज बंधु, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# नवविवाहित जोड़े ने किया वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का संदेश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** वैशाली नगर के निवासी डॉक्टर अरविंद और डॉक्टर सुनीता शर्मा ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक नई सोच का परिचय दिया। पहली बार मथुरा से अपने घर आए नवविवाहित दंपति प्रज्ञा और उत्कर्ष से उन्होंने वृक्षारोपण कराया। इस अनूठी पहल के माध्यम से वे समाज को हर खुशी के अवसर पर वृक्षारोपण करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। डॉ. शर्मा दंपति का कहना है कि घर में हर शुभ कार्य की शुरूआत एक पौधा लगाकर की जानी चाहिए। यह न केवल उस खुशी को यादगार बनाता है, बल्कि पर्यावरण के संरक्षण में भी योगदान देता है। उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण का यह छोटा सा कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक बड़ा संदेश हो सकता है। नवविवाहित प्रज्ञा और उत्कर्ष ने भी इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उनका सौभाग्य है कि उनके नए जीवन की शुरूआत पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने से हुई। उन्होंने दूसरों से भी इसे अपनाने का आग्रह किया। डॉ. शर्मा दंपति ने शहरवासियों से आग्रह किया कि वे भी इस नई परंपरा को अपनाएं और इसे एक सामाजिक प्रचलन बनाएं। उनका मानना है कि इस पहल से न केवल पर्यावरण को लाभ होगा, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और हरित भविष्य सुनिश्चित करने में भी मदद करेगा। इस पहल को वैशाली नगर और आस-पास के इलाकों में काफी सराहना मिल रही है। स्थानीय लोग भी इसे अपनाने के लिए उत्सुक हैं और इसे समाज में नई दिशा देने वाली परंपरा मान रहे हैं।

## प्रथम समाज सुधार सम्मेलन सम्पन्न

# शेखावाटी कौम कुरैशियान ने शादियों को कम खर्चीली और निकाह को आसान करने पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स

**चूरू( निस.)।** तंजीम जमिय्यतुल खुरैश संस्थान की ओर से शेखावाटी कौम कुरैशियान का प्रथम समाज सुधार सम्मेलन का आयोजिन मदरसा जामिया अरबिया दारुल उलूम में किया गया। इस असवर पर हाजी रफीक भादरा, पूर्व विधायक हाजी मकबूल मंडेलिया, नगर पालिका अध्यक्ष मुस्तफा कुरैशी, हाजी शकील खोकर और नईमुद्दीन कुरैशी जयपुर सम्मेलन के मुख्य अतिथि रहे। सम्मेलन में समाज में दीन के साथ दुनियावी तालीम पर जोर देते हुए विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं पर अधिक से अधिक ध्यान देना चाहिए। सम्मेलन में उपस्थित मुफ्तियों और उलमाओं ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाज रसूमात से परहेज करते हुए शादियों को कम खर्चीली और निकाह को आसान करने पर जोर दिया है। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि समाज में महिला शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए ताकि महिला दो परिवारों की दशा और दिशा में बदलाव पैदा कर सकती है। आज हमारे समाज में देखने में आ रहा है कि बेटियों के मुकाबले में बेटे तालीम पर कम ध्यान दें रहें है, यह चिंता का विषय है। बच्चे की पहली शिक्षिका उसकी माता है और पहला स्कूल उसका घर परिवार होता है लिहाजा अपने बच्चों को संस्कार, तहजीब, मानवीय मूल्यों और परोपकारी की भावना का समावेश होना चाहिए तभी स्वच्छ समाज और राष्ट्र का निर्माण सम्भव है। सम्मेलन के संयोजक हाजी याकूब थीम ने कहा कि समाज की तरक्की के लिए गांव, तहसील और जिला वाइज समितियों का गठन कर जमीनी स्तर पर रचनात्मक कार्य करना होगा यथा भात छूछक, सगाई, शादी और जनगणना का कार्य भी करना होगा। हर तीन माह, छः माह और साल में एक बार चारों जिलों की मीटिंग होनी चाहिए और जो कार्य किया है वो सबके सामने आना चाहिए। स्वागत भाषण प्रधानाध्यापक अवेश कुरैशी ने दिया।




हाजी शकील खोकर, मुस्तफा कुरैशी, ए ख़ालिफ जोधपुर, बशीर कुरैशी और मुफ्ती शफीक थीम ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के संयोजक डॉ मुमताज अली कुरैशी ने सम्मेलन के उद्देश्यों और इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज की तरक्की शिक्षा में ही निहित है, हमें जमाने के साथ ही आगे बढ़ना होगा। सम्मेलन में झुंझुनूं, चूरू, सीकर, फतेहपुर, रामगढ़, लोसल, नवलगढ़, डूंडलोद, मंडावा, थेलासर, भादरा, नोहर, तारानगर, अजीतपुरा, राजगढ़, सरदारशहर, रतनगढ़, सुजानगढ़, हनुमानगढ़, बिसाऊ आदि कस्बों से समाज के लोग उपस्थित हुए। इनमें याकूब बेहलीम, हाजी फारुक कुरैशी, मोहसिन कुरैशी, जुबेर सय्यद, जमील कुरैशी, रमजान कुरैशी, शौकत अली गुटिया, शफी नागौरी, कबीर, इस्माइल, मेहमूद अली सय्यद, हाजी फारुक, बाबू भाई, मोहम्मद हारून, ख़ालिफ, मौलाना उमर कुरैशी, हाफिज अब्दुल, सत्तार कुरेशी, अब्दुल जब्बार खत्री, मास्टर फारूक कुरैशी आदी ने कार्यकम का भाग लिया।

## हनुमान चालीसा के अखंड पाठ

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** गत रात्रि को सांखला बास स्थित वार्ड न. 17 के चौक में बागेश्वर धाम बालाजी के नाम अखंड हनुमान चालीसा के पाठ किए गए। जिसमें राज दाधीच ने संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ किए। कार्यक्रम में मोहल्ले के सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मदन लाल जोशी, रामकुमार बागड़ा, उदयचंद बागड़ा, निर्मल जोशी, दिलीप पारीक, खुशीराम माली, संदीप जोशी आदि उपस्थित रहे।

## मोटर साइकिल चोरी का मामला दर्ज

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** बाईक चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस को दी गई रिपोर्ट में गांव गुलेरिया के निवासी सोहनराम ज्याणी ने बताया है कि 19 नवम्बर को मैं सवा चार बजे किसी काम से वेलकम होटल के पास किसी काम से आया था और बाईक पार्क करके गणपति प्लाजा में चला गया। लेकिन वापस आया तो मेरी बाईक वहां पर नहीं मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एसबीडी महाविद्यालय में मनाया एनसीसी कैडेट्स दिवस

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस.)।** शहर के एसबीडी राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने रविवार को एनसीसी दिवस मनाया। एनसीसी दिवस नवंबर माह का अंतिम रविवार को मनाया जाता है। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कमलेश जोशी ने बताया कि एनसीसी राष्ट्रीय कैडेट कोर भारत में दुनिया का सबसे बड़ा युवा संगठन है। जिसमें 1.3 मिलियन से अधिक कैडेट्स हैं। यह भारतीय सेना से संबद्ध एक स्वैच्छिक संगठन है। एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व व सेवा की भावना पैदा करती है। इस अवसर



महाविद्यालय में कैडेट्स की ओर से परेड ग्राउंड की सफाई कार्य किया गया। साथ ही कैडेट्स की ओर से एनसीसी गतिविधियों के विभिन्न पोस्टर बनाए गए और परेड का अभ्यास किया।

## सनातन समरसता यात्रा को लेकर तैयारी बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** आगामी 11 दिसम्बर को सालासर धाम से शुरू होने वाली सनातन समरसता यात्रा की तैयारियों को लेकर बुधगिरी आश्रम के महंत दिनेशगिरी महाराज ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बस स्टेंड स्थित तिरूपति वेंकटेश्वर भगवान के मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए दिनेश गिरी महाराज ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में लोग इस यात्रा में भाग लें, इसकी व्यवस्था हम लोगों को करनी है। क्योंकि सालासर धाम से रवाना होकर यात्रा सबसे पहले सुजानगढ़ पहुंचेगी और यहां से अगर शुभारंभ शानदार रहेगा, तो बाकी स्थानों पर भी काफी शानदार यात्रा निकलेगी। गाड़ोदा धाम के महंत



महावीर जती महाराज ने बताया कि शेखावाटी क्षेत्र का सुजानगढ़ धर्मनगरी के रूप में विख्यात है और इस कार्यक्रम का यहां पर होना काफी सौभाग्य की बात है। इस अवसर पर सांगलिया धाम सुजानगढ़ के महंत केशवदास महाराज, मिरणधाम के सोमनाथ महाराज ने भी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष अरविंद सोनी, पथिक सेना संगठन के अध्यक्ष महावीर पोसवाल, भाजपा नेता मनीष दाधीच, विजय चौहान, रिछपाल बिजारणिया, रेंवतमल पंवार, गणेश मंडावरिया, पार्षद गौरव इंदोरिया, मोहित बोचीवाल, लीलाधर शर्मा, बजरंग सैन आदि ने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम में नरेंद्र गुर्जर, बसंत दाधीच, नोरतन पुरोहित, शेरसिंह धाभाई, प्रेम स्वामी, बालूराम बाबरिया, राजकुमार बागड़ा, दीपक भास्कर सहित अनेक लोग मौजूद रहे। मीटिंग के दौरान यात्रा के बाद सभा के स्थान को लेकर भी चर्चा की गई।

## ताइक्कांडो में चूरू के खिलाड़ियों ने जीते 9 स्वर्ण और 5 रजत



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस.)।** भरतपुर में 23 और 24 नवंबर को आयोजित हुई राजस्थान ताइक्कांडो की ओर से राज्य स्तरीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता में चूरू के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कोच कविंद्र राठौर ने बताया कि सनाया, कार्तिक, वरुण, यूवल चौधरी, अंशुमन राठौर, आरव, प्रशांत, खुशवंत चौधरी, सोहेल खान ने स्वर्ण पदक जीता। वही दक्ष, गजेंद्र, रेहान खान, अंशु, रवि कुमार ने रजत पदक जीता।

## कड़े व तलवार से किया वार, मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय पुलिस थाने में बबलू पुत्र रामचंद्र सामरिया, निवासी वार्ड न. 44 ने रिपोर्ट दर्ज करवाकर बताया है कि मैं गत रात्रि को मेडिकल पर दवाईयां लेने के लिए जा रहा था। तभी 15-20 लोग आए और मेरे साथ मारपीट की और धमकी दी। इन लोगों में से सनी नामक व्यक्ति ने मुझ पर कड़े से वार किया और सुमित ने तलवार से वार किया। सभी लोग सरिये लेकर आए थे, जिनसे लोगों ने बीच बचाव कर मुझे बचाया। इसके बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया। परिवादी ने बताया है कि मुझे जान का खतरा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दिल्ली में चूरू की बेटी महिमा शर्मा बनी छात्रसंघ अध्यक्ष

**चूरू(नि.सं.)। दिल्ली** विश्वविद्यालय के छात्रसंघ चुनाव में चूरू की बेटी महिमा शर्मा पीजीडीएवी कॉलेज की अध्यक्ष पद पर विजयी हुई है। महिमा शर्मा ने 100 मतों से चुनाव जीत हासिल की है। इससे पहले महिमा चूरू के लिए नेशनल बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक भी हासिल किया है और बेटी बचाओ अभियान की ब्रांड एम्बेसडर भी रही है। महिमा ने पीजीडीएवी के पूर्व अध्यक्ष कुणाल विधूड़ी व तरंग जैन का भी धन्यवाद ज्ञापित किया और चूरू निवास पर भी जश्न मनाया गया। महिमा भाजपा शहर महामंत्री चंद्र प्रकाश शर्मा की पुत्री है। इसमें भास्कर शर्मा , सुरेन्द्र बवालिया, सुनील शर्मा, रविंद लाटा, चिराग, अजय, अशोक, तोयश हरितवाल, अमन, मोहित कुशल, रश्मि, वर्षा, पीयूष, विवेक, अभय सिंह, धनुष आदि में महिमा को अध्यक्ष बनने पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

## पेयजल किल्लत से आमजन परेशान

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** नया बास स्थित वार्ड न. 28 व 29 में सर्दी के दिनों में भी पेयजल किल्लत की समस्या से लोग त्रस्त हैं। पथिक सेना संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महावीर पोसवाल ने बताया कि हजारों करोड़ की पेयजल योजनाएं बनी हैं, लेकिन हमारे वार्डों में महीने में मात्र 3 बार ही पानी की आपूर्ति की जाती है। पोसवाल ने बताया कि हर बार फोन करके ही पानी की सप्लाई खुलवानी पड़ती है, उसके बाद भी रात में पानी खोला जाता है, जिसके कारण जनता की परेशानी और ज्यादा बढ़ जाती है। पोसवाल ने कहा कि आपणी योजना और जलदाय विभाग को लेकर पेयजल की बड़ी योजना के बारे में मुख्य सचिव को शिकायत की गई थी, लेकिन उसकी जांच को अधिकारी दबाए बैठे हैं।

# बेनाथा विद्यालय में 3.25 लाख की लागत से बने प्रवेश द्वार का लोकार्पण

- भीवाराम गोदारा की याद में पुरखाराम ने बनवाया द्वार
- सांसद व विधायक ने किया उदघाटन

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस.)।** ग्राम बैनाथा-जोगलिया के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में भामाशाह भीवाराम गोदारा की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र पुरखाराम की ओर से 3.25 लाख रुपये की लागत से बनवाए गए विद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार का लोकार्पण सांसद राहुल कस्वां, विधायक मनोज मेघवाल, पुसाराम गोदारा ने फीता काटकर किया। इस दौरान सांसद राहुल कस्वां ने कहा कि शिक्षा से ही गांव का उद्धान होता है, जब बेटी जन्म लेती है तो उसके नाम का एक पेड़ लगाना चाहिए। रतनगढ़ विधायक पुसाराम





गोदारा ने कहा कि भामाशाह ने अपनी मेहनत की कमाई से स्कूल का शानदार प्रवेश द्वार बनवाकर शिक्षा जगत को समर्पित किया है। शिक्षण संस्थाओं में जो भी दान करते हैं उससे बड़ा कोई दान नही है। सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि बच्चे के भविष्य का निर्माण तभी होगा जब शिक्षा अच्छी होगी। इस दौरान अतिथियों ने भामाशाह परिवार का माला साफा पहनाकर व अभिनंदन पत्र स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर लाभूराम, मदनलाल, रामचंद्र गोदारा, नगर कांग्रेस अध्यक्ष जेठाराम यादव, पालिका उपाध्यक्ष मेराज उल हसन छींपा, सरपंच ज्ञानू देवी भामू, सुरेश खेरिया, रामेश्वर दुसाद, विद्याधर बेनीवाल, विद्यालय प्रधानाचार्या आरती मेहरा सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

## जिला बनाने की मांग, जय सुजला अभियान के तहत निकाली रैली



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** जय सुजला अभियान की शुरुआत रैली निकाल कर की गई है। विजयपाल श्योराण ने बताया कि वेंकटेश्वर मंदिर से निकाली गई रैली के दौरान जय सुजला, बनाओ सुजला जिला, हमें चाहिए सुजला जिला, बनाना होगा सुजला जिला के नारे लगाए गए। विकलांग कल्याण समिति के छोटू लाल प्रजापत् के नेतृत्व में रैली मुख्य मार्गों से होते हुए गांधी चौक पहुंची। जहां पर निर्णय लिया गया कि 25 दिसम्बर को जय सुजला विशाल वाहन रैली सर्व समाज संगठनों के सहयोग से निकाली जाए। रैली के दौरान मो. मुस्ताक् खान कायम खानी, बाबूलाल माली, इलियास खां, रतन लाल प्रजापत, संयोजक श्रीराम भामा, किसान यूनियन के रण सिंह श्योराण, सर्व समाज संगठन के एडवोकेट तिलोक मेघवाल, भगवती भामा, घनश्याम सिंह, नाथू नाथ सिद्ध, उमाराम भामू, दौलत सिंह, ओम प्रकाश गुलेरिया, पवन पारिक, गोविंद जोशी, सांवतसिंह राजपुरोहित, अशोक कुमार टाक आदि शामिल रहे। तिरुपति बालाजी मन्दिर के सामने हुए प्रदर्शन में राष्ट्रीय पथिक सेना के संगठन के अध्यक्ष महावीर पोसवाल, विश्व हिंदू परिषद के नरेंद्र सिंह भाटी, मधुसुदन अग्रवाल आदि शामिल रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मोदी के 'मन की बात' का 116वां संस्करण सुना

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ(निस.)।** भारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ शहर मण्डल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 116 वें संस्करण का लाइव प्रसारण सुना। भाजपा शहर मण्डल संयोजक महेश सैनी ने बताया कि मन की बात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मैं पूरे महीने मन की बात का बेसब्री से इंतजार करता हूं ताकि मैं आपसे सीधा संवाद कर सकूं। पीएम मोदी ने कहा कि आज बड़ा ही खास दिन है। एनसीसी दिवस है एनसीसी का नाम सामने आते ही हमें स्कूल, कॉलेज के दिन याद आ जाते हैं। मैं स्वयं भी एनसीसी कैडेट रहा हूं। इसलिए पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इससे मिला अनुभव मेरे लिए अनमोल है। लोगों से जुड़ने के महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने राष्ट्रीय कैडेट कोर के महत्व पर भी प्रकाश डाला। पीएम मोदी ने युवाओं से बड़ी संख्या में इसमें शामिल होने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने




कहा कि मैंने लाल किले की प्राचीर से ऐसे युवाओं से राजनीति में आने का आह्वान किया है, जिनके परिवार की राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। ऐसे एक लाख युवाओं को राजनीति से जोड़ने के लिए देश में कई तरह के विशेष अभियान चलेंगे। 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' भी ऐसा ही एक प्रयास है। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर देश युवा दिवस मनाता है। अगले साल स्वामी विवेकानंद जी की 162वीं जयंती है। इस बार इसे बहुत खास तरीके से मनाया जाएगा। इस अवसर पर 11-12 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में युवा विचारों का महाकुंभ होने जा रहा है और इस पहल का नाम है 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग'। मन की बात में आगे पीएम मोदी ने डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट के बारे में बताया। पीएम मोदी ने कहा कि आप जानते हैं कि नियमों के मुताबिक सभी पेंशन धारकों को साल में एक बार जीवन प्रमाणपत्र जमा कराना होता है. 2014 तक इसकी प्रक्रिया यह थी, इसे बैंकों में जाकर बुजुर्ग को खुद जमा करना पड़ता था। अब डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट देने से चीजें बहुत ही सरल हो गई हैं, बुजुर्गों को बैंक नहीं जाना पड़ता। पीएम मोदी ने चेन्नई-बिहार की अनोखी लाइब्रेरी का जिक्र भी किया। कार्यक्रम के अंत मे बूथ कार्यकर्ता का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मन की बात कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष किशनलाल घोड़ेला, निरंजन रूंथला, बजरंग लाल प्रजापत, परमेश्वर मेघवाल, भीमराज प्रजापत, हरिप्रकाश (राजा) सैनी, ओम महर्षि, सत्यनारायण पारीक, सलीम खान, गोपाल सैनी, उमाशंकर शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, छगनलाल प्रजापत, धन्ना राम प्रजापत, साबिर गौरी, श्रीकृष्ण चौमाल, सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## केकेसी महाविद्यालय की छात्रा विशाखा बोहरा को स्वर्ण पदक

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर।** महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर की ओर से जारी स्वर्ण पदक विजेताओं की सूची में केकेसी महाविद्यालय की छात्रा विशाखा बोहरा ने स्वर्ण प्राप्त पदक प्राप्त कर महाविद्यालय व अपने माता- पिता का नाम रोशन किया है। महाविद्यालय निदेशक डॉ किशोर सिंह राठौड़ ने बताया कि सत्र 2022-23 की स्वर्ण पदक विजेताओं की सूची में महाविद्यालय के प्राणी शास्त्री विभाग की छात्रा विशाखा बोहरा ने विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित दीक्षांत समारोह में छात्र विशाखा बोहरा को सम्मानित किया जाएगा। महाविद्यालय के लिए यह गर्व और गौरव का विषय है। छात्रा की इस उपलब्धि पर केकेसी महाविद्यालय के प्राणी शास्त्री विभाग अध्यक्ष डॉ प्रदीप चौहान, प्राचार्य डॉ सुमेर सिंह स्वामी, उपाचार्य महबूब अली, एनसीसी अधिकारी विरेन्द्र सिंह राठौड़ सहित समस्त संकाय सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को छात्रा से प्रेरणा लेने के लिए आह्वान किया है।

# राजस्थान जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
25 नवम्बर, 2024


## संक्षिप्त-समाचार

### स्कूल सिलेबस में बदलाव की तैयारी, पहली से 8वीं तक की किताबों में होगा संशोधन



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजस्थान सरकार स्कूल के सिलेबस में बदलाव की तैयारी कर रही है। सबसे पहले क्लास एक से आठवीं तक की किताबों में बदलाव किया जाएगा। सरकार की ओर से गठित की गई पाठ्यक्रम समीक्षा समिति की पहली बैठक में कक्षा 1 से आठवीं तक की किताबों पर विस्तृत रिपोर्ट पेश कर चर्चा की जाएगी। शिक्षा मंत्री की विशेष अधिकारी सतीश कुमार गुप्ता ने बताया कि कक्षा एक से आठवीं तक की किताबों का निर्धारण राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद की ओर से किया जाता है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने पाठ्यक्रम समीक्षा के लिए राज्य स्तर पर एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। ऐसे में जल्द ही समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें पाठ्यक्रम की समीक्षा की जाएगी। अगर समिति सिफारिश करती है तो कक्षा 1 से 8वीं तक की किताबों में संशोधन होना संभव है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान के स्कूलों में स्टूडेंट्स किसी भी तरह से गलत तथ्यों का अध्ययन न करें। इस बात को ध्यान में रखते हुए पाठ्यक्रम समीक्षा समिति का गठन किया है।

#### सोढ़ाणी अध्यक्ष, राठौड़ बने उपाध्यक्ष

शिक्षा विभाग की ओर से बनाई गई पाठ्यक्रम समीक्षा समिति का अध्यक्ष वर्धमान महावीर ओपन यूनिवर्सिटी कोटा के कुलपति और प्रोफेसर कैलाश सोडाणी को बनाया गया है। शिक्षाविद हनुमान सिंह राठौड़ समिति के उपाध्यक्ष हैं। इसके साथ ही शिक्षाविद डी रामाकृष्ण राव सलाहकार और सतीश कुमार गुप्ता सदस्य सचिव के तौर पर कार्य करेंगे। इसके साथ ही समिति में कोटा यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति और राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रोफेसर प्रमेंद्र कुमार दशोरा, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर भारत राम कुमार, शिक्षाविद श्याम सुंदर बिस्सा, जयंतीलाल खंडेलवाल, कन्हैया लाल बेरीवाल को समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है।

#### समिति 30 दिनों में सौंपेगी

रिपोर्ट प्रारंभिक शिक्षा (आयोजना) विभाग राजस्थान सरकार के आदेश के बाद बनी यह समीक्षा समिति राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों, राज्य पाठ्यक्रम की रूपरेखा और राष्ट्रीय पाठ्यक्रम की रूपरेखा को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी स्कूली पाठ्यक्रम के सब्जेक्ट मैटर, फोटोज, स्केच आदी की समीक्षा कर अगले 30 दिनों में अपने सुझाव राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर को सौंपेगी। यह रिपोर्ट शिक्षा मंत्री को प्रस्तुत की जाएगी। ऐसे में जल्द ही समिति की पहली बैठक में कक्षा 1 से आठवीं तक के पाठ्यक्रम में बदलाव पर चर्चा होगी।

### जनता ने मोदी के विजन पर मुहर लगाई : खीचड़



**मण्डावा(निस)।** वरिष्ठ भाजपा नेता व अलसीसर के पूर्व प्रधान गिरधारीलाल खीचड़ ने राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनता ने मोदी के विजन पर मुहर लगाई है। राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की जीत पर खीचड़ ने मतदाताओं का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान उपचुनाव में भाजपा का भगवा ध्वज अन्य दलों से बहुत ऊंचा रहा है, जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अटूट विश्वास है। खीचड़ ने रविवार को जारी वक्तव्य - प्रतिक्रिया में कहा कि अमित शाह और जेपी नड्डा की संगठन क्षमता ने फिर से अपना प्रभाव दिखाया है। संवेदनशील मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का नेतृत्व पुनः प्रमाणित हुआ है। हरेक कार्यकर्ता साथी को इस विजय क्रम को बनाए रखने का श्रेय जाता है, जिनके परिश्रम से जनता-जनार्दन का स्नेहाशीष कायम है। महाराष्ट्र के नतीजों पर पूर्व प्रधान ने कहा कि जनता ने मोदी के विजन पर मुहर लगाई है। इन नतीजों से साफ है कि महाराष्ट्र महायुति के साथ विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ना चाहता है। अपने बचाव के लिए अलगाव को बढ़ावा देने वाली पार्टियों को आत्मचिंतन करना चाहिए। वोट के लिए तुष्टीकरण और समाज में वैमनस्य पैदा कर जनता का दिल नहीं जीता जाता।

## मुंड पेट्रोल पंप का किया शुभारम्भ

# डॉ. सतीश पूनिया का सरदारशहर में जोरदार स्वागत-अभिनन्दन

### लालचंद मुंड की जमकर सराहना



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के रतनगढ़ रोड मेगा हाईवे स्थित राजा गार्डन होटल के पास नव स्थापित मूड फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप का शुभारंभ रविवार को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां, चूरू के विधायक हरलाल सारण, पूर्व विधायक अशोक पींचा, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष ईश्वर राम डूडी, पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि मधुसूदन राजपुरोहित, नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी, क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष लालचंद छींगा, जिला परिषद सदस्य गिरधारीलाल पारीक, व्यापार एवं उद्योग संघ अध्यक्ष शिवरतन सर्राफ, पंचायत समिति सदस्य इन्द्रसिंह शेखावत ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ सतीश पूनियां ने शुभेच्छा प्रेषित करते हुए कहा कि लालचंद मूंड एक किसान का बेटा है और वह किसान का दर्द भी भली भांति समझता है। उनसे अपेक्षा है कि वह पेट्रोल व अपने उत्पादों में शुद्धता और व्यापार में उच्च गुणवत्ता रखते हुए अपने प्रतिष्ठान का संचालन करेंगे। इससे समाज और सभी लोगो को फायदा होगा। उन्होंने इस अवसर पर भाजपा के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का भी जिक्र किया और उन्होंने कहा कि लालचंद ऐसे व्यक्ति है जिन्होंने अपनी छाप सरस डेयरी के कार्य में भी छोडी है और वहीं छाप अब इस डीजल पेट्रोल के प्रतिष्ठान में भी छोड़ेंगे। सभा को संबोधित करते हुए चूरू के विधायक हरलाल सारण ने कहा कि यह बढ़िया बात है कि किसान का बेटा नवाचार करते हुए इस नए व्यापार में प्रवेश कर रहा हैं और वह समाज का भी अपने कार्य से भला करेंगे। कार्यक्रम में सरस डेयरी चेयरमैन लालचंद मूंड ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी आगंतुकों का भविष्य में भी इसी प्रकार से स्नेह और आशीर्वाद बना रहे। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी सहित भाजपा नेताओं ने भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां का स्वागत किया। कार्यक्रम के शुभारंभ पर सभी आगंतुकों का माला, साफा और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में रामेश्वर लाल मूंड, एडवोकेट महेंद्र सींवर, पूर्णा राम कुल्हारी, हीरा लाल बेनीवाल, डॉ अविनाश पारीक, राकेश सैनी, अमरचंद मीणा, परतुराम सारण, किशन नाथ सिद्ध, किशन कालेरा, असलम मंडी, आदम मंडी, सुरेन्द्र भाखर, रेवत राम मुंड, जगदीश टांडी, मुकना राम पोटलिया सहित अनेक स्थानों से जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, किसान, व्यापारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र शर्मा और डॉ पीके पांडिया ने किया।

### - बस कम चली तो ड्राइवर पर होगी कार्रवाई

## रोजाना 400 किमी तक रोडवेज बसों का करना होगा संचालन

#### - झुंझुनूं आगार में 77 बसों का शेड्यूल



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** रोडवेज की हर बस अब कम से कम 400 किलोमीटर प्रतिदिन चलानी होगी। रोडवेज प्रशासन ने आय बढ़ाने और व्यवस्था में सुधार की कवायद को अमली जामा पहनाते हुए निर्णय लिया। इससे कम संचालन पर संबंधित चालक के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। औसत का भी ध्यान रखना होगा। रोडवेज चालक को 33 रुपए प्रति किमी औसत निकालना होगा। इन बदलावों से रोडवेज चालकों की मुसीबत बढ़ गई। उन्हें अधिक समय तक स्टेयरिंग संभालनी होगी। चालक-परिचालकों में हड़कंप है।

#### पहले 300 किमी चलती थी

रोडवेज प्रबंधन के अनुसार पहले रोडवेज बसें तय रूटों पर 300 से 350 किमी चलती थी। कभी इससे कम चलती थी। मुख्यालय ने किलोमीटर बढ़ाकर स्टाफ पर भार बढ़ा दिया। पहले से ही स्टाफ की कमी से रोडवेज जूझ रहा है। झुंझुनूं आगार में बसें पहले 45 हजार किलोमीटर तक का सफर तय कर लेती थी। लगातार घटती बसों की संख्या के बाद किलोमीटर में कमी आई है। स्टाफ की कमी से पहले से चालकों को अवकाश नहीं मिल पा रहा है। झुंझुनूं आगार में 77 बसों का शेड्यूल है।

#### यात्री बिना टिकट मिला तो कंडक्टर होगा निलंबित

रोडवेज प्रशासन ने निगम को घाटे से उबारने के लिए चालक-परिचालकों पर नकेल कसना शुरू कर दिया। चालकों के साथ परिचालकों पर अंकुश लगाया है। बस में बिना टिकट के दो यात्री मिलने पर परिचालक के खिलाफ कार्रवाई होगी। टिकट नहीं मिलने पर परिचालक को निलंबित कर दिया जाएगा। इसी तरह बस सारथी योजना में कार्यरत परिचालक को ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा। जमा अमानत राशि भी जब्त कर ली जाएगी।

### झुंझुनूं में भाजपा की रणनीति हुई कामयाब : जोशी



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने झुंझुनू विधानसभा में जीत अर्जित के लिए पूरा दम खम लगा रखा था। जिसके तहत सवर्ण व ओबीसी वोटों पर अच्छी पकड़ के चलते लक्ष्मणगढ़ के कद्दावर भाजपा नेता दिनेश जोशी को पार्टी आलाकमान ने तीन दिन के प्रवास पर झुंझुनूं विधानसभा के प्रत्याशी राजेन्द्र भामू के समर्थन में प्रचार प्रसार करने की जिम्मेदारी दी थी और जिसके पश्चात जोशी तीन दिन झुंझुनू रहकर सवर्ण व ओबीसी वोटों को भामू के समर्थन में स्विंग करने में कड़ी मेहनत की थी,जिसके परिणाम स्वरूप लगभग 21 साल बाद भाजपा ने झुंझुनूं में कमल खिलाया। जोशी के प्रयासों की प्रदेश नेतृत्व ने भी तारीफ की गई। रविवार को लक्ष्मणगढ़ संवाददाता राम शर्मा ने भाजपा नेता दिनेश जोशी से चुनावों को लेकर वार्ता की। जोशी ने बताया कि शेखावाटी के जो भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता थे उनको सीएम भजनलाल शर्मा की ओर से बूथ वाइज दायित्व दिए गए थे जिसके तहत मुझे भी दायित्व दिया गया। साथ ही में विप्र बंधुओ का विशेष रूप से ध्यान रखने का दायित्व भी मुझे सौंपा गया था और इसके बाद विप्र समाज की वहां पर मीटिंग बुलाई गई जिसमें विप्र समाज के और भी कई नेता शामिल हुए। झुंझुनू में उपचुनाव की स्थिति पर प्रकाश डालते हुए जोशी ने बताया कि वहां पर भाजपा ने यह रणनीति बनाई की भाजपा का जो मूल वोट है वह भाजपा को जरूर मिले। इसी के साथ जाट मतदाता है, उनका भी ज्यादा से ज्यादा वोट मिले और यह रणनीति भाजपा के लिए झुंझुनू में कामयाब साबित हुई। भाजपा की इस ऐतिहासिक जीत के लिए जोशी ने पीएम मोदी वं सीएम भजनलाल शर्मा को बधाई देते हुए उनका आभार जताया। वही महाराष्ट्र के चुनावो में भाजपा की जोरदार जीत पर खुशी जाहिर करते हुए इसे भाजपा के कार्यकर्ताओं की जीत बताया और देवेंद्र फडणवीस का आभार जताया।

### गोरिया धनावता पहाड़ियों में सात दिन बाद दूसरे मादा पैंथर की मौत




जयपुर टाइम्स

**उदयपुरवाटी(निस)।** कस्बे के निकट गोरिया धनावता गांव की पहाड़ियों में मादा पैंथर की मौत ने एक बार फिर मामला सामने है। शुक्रवार देर रात को मिली सूचना पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं मृतक मादा पेंथर डेढ़ साल की बताई जा रही हैं, जिसके शव को इंद्रपुरा वन पोधशाला नर्सरी में रखवाया गया। शनिवार की सुबह डॉक्टरों की मेडिकल टीम की ओर से मृतक मादा पैंथर के शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। जिसके सेंपल जयपुर के फॉरेंसिक लैब में जांच के लिए भेजे गए हैं। मादा पैंथर एक से डेढ़ वर्ष का बताया जा रहा है। वही करीब 7 दिन पहले भी किरावण्डा के पास एक मादा पेंथर घायल अवस्था में मिली थी जिसकी इलाज के लिए ले जाने के दौरान मौत हो गई थी। फिलहाल पेंथर की मृत्यु को भूख प्यास के चलते मौत होना भी बताया जा रहा है। वही फॉरेंसिक लैब से जांच आने के बाद ही मृत्यु के मुख्य कारणों का पता चल पाएगा। मृतक मादा पैंथर का इंद्रपुरा वन पौधशाला नर्सरी में अंतिम संस्कार किया गया। लगातार क्षेत्र में वन विभाग के आधिकारिक कर्मचारी गस्त कर रहे हैं।

### भाजपा की ऐतिहासिक जीत पर विधायक के नेतृत्व में आतिशबाजी




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के चूरू आवास के आगे भाजपा कार्यकर्ताओ ने विधायक हरलाल सहारण के नेतृत्व में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव व राजस्थान सहित अनेक राज्यो के उप चुनावो में भारतीय जनता पार्टी की ओर से ऐतिहासिक विजय प्राप्त करने पर आतिशबाजी कर व एक दूसरे का मुह मीठा करवाकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के विजन की जीत है। उन्होने कहा कि जिस प्रकार राजस्थान में उप चुनावो में भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगो ने विश्वास जताया है उससे लगता है कि आम जनता ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के विकास के मॉडल को स्वीकृति दी है। उन्होने कहा कि राजस्थान के इन उप चुनावो के परिणामो ने यह साबित कर दिया है कि प्रदेश सरकार जिस प्रकार प्रदेश को विकसित प्रदेश बनाने के लिए कार्य कर रही है उसमें जनता ने अपनी स्वीकृति दी है। उन्होने कांग्रेस के गढ़ झुझनू में भारतीय जनता पार्टी को मिले प्रचण्ड जनादेश के लिए वहां के मतदाताओं को आभार जताते हुए कहा कि पिछले चुनावो में कांग्रेस ने जो झुठे वादे किए थे, उन वादो की पोल जनता के सामने खुल गई हैं और जनता ने भाजपा को अपना आशीर्वाद दिया है। उन्होने कहा कि झुझनू उप चुनाव के ग्रामीण क्षेत्रो का प्रभार उन्हे पार्टी ने सौंपा था, जिस पर ग्रामीण क्षेत्र से भाजपा ने 18 हजार से अधिक लीड लेकर यह साबित कर दिया है कि भाजपा का प्रभाव वहां के ग्रामीण मतदाताओं में भी बढ रहा है। मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत व दीनदयाल सैनी ने इस विजय को ऐतिहासिक बताते हुऐ कहा कि यह विजय देश के विकास के लिए है और तुष्टिकरण के विरोध में है। देश व प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अपना आशीर्वाद दिया है। जिस पर हम सब कार्यकर्ता जनता का आभार व्यक्त करते है। कार्यक्रम में पदमसिंह राठौड़, पूर्व प्रधान विक्रम कोटवाद, जिला महामंत्री भास्कर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र सैनी, विमला गड़वाल, मण्डल अध्यक्ष दीनदयाल सैनी, सुरेश सारस्वत, गोगराज सैनी, प्रकाश नायक, ओम इन्दोरिया, तेजपाल शर्मा, आकाश शर्मा, अजय तंवर, रजत शर्मा, आदिल खान, राकेश शर्मा, मुकेश ओझा, विजय शर्मा, ओमसिंह शेखावत, राजीव लाम्बा, मोहनलाल गड़वाल, आकाश सैनी नोमान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### - नाले में फंस गई बारात की बस

## घटिया निर्माण कार्य की पोल खुली तो टाई सरपंच ससुर ने खोया 'इकबाल'

#### बस चालक को धमकी देकर रुपए मांगे



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** ग्राम पंचायत टाई में स्थानीय प्रशासन की ओर से बनाए गए नाला निर्माण में किए गए घटिया निर्माण की पोल उस समय खुल गई जब रविवार को एक बारात की बस उस नाले में धंस गई। इधर घटिया निर्माण तो दूर की बात, स्थानीय सरपंच के ससुर इकबाल अपना इकबाल खो बैठे और बस चालक से नुकसान की भरपाई के लिए रूपए मांग लिए। इतना ही नहीं रुपए नहीं देने पर बस को जाने नही देने की धमकी तक दे डाली। बता दें कि ग्राम पंचायत टांई की ओर से लगभग बीस वर्षो पहले मोती सिंह के कुए से मेजर रणवीर सिंह व बाबा श्री केशर नाथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय टांई की तरफ एक गंदे पानी निकासी के लिए नाला बनाया गया था, वह चौके पट्टीया डालकर ढका गया था। कुछ लोगों की ओर से नाले पर डाले गए चौके पट्टीयों को उठाकर ले जाने के बाद ग्राम पंचायत टांई की ओर से तीन माह पूर्व मोतीसिंह के कुए से लेकर बस स्टेण्ड तक बने नाले पर हल्की पट्टीया व घटिया निर्माण सामग्री से नाले को ढकने का कार्य किया गया था। जिसमें रविवार को गांव में आई बारात की एक खाली बस गिर गई। गनीमत रही बस मे कोई सवारी नहीं थी व बस खाली थी वरना कोई बड़ी जनहानि हो सकती थी।

#### सरपंच के ससुर ने मांगे बस ड्राइवर से पैसे

*पंचायत की ओर से घटिया सामग्री से किए गए निर्माण कार्य मे बस गिरने के बाद टांई सरपंच समीरा बानो के ससुर इकबाल मौके पर पहुंचे और बस ड्राइवर को धमकी दी कि बस निकालने के बाद पंचायत को हुए नुकसान के पैसे देकर जाना अन्यथा आपको यहां से नहीं जाने दूंगा।*

### न्यू राजस्थान विद्यालय में मनाया एनसीसी डे



जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल बिसाऊ में एनसीसी दिवस मनाया गया। संस्था अध्यक्ष इंजी नवीन सिहाग व एनसीसी एनओं शिखा गुर्जर के नेतृत्व में सभी एनसीसी कैडैटस ने पोधारोपण किया और एनसीसी दिवस पर विभिन्न प्रकार की गतिविधिया की। सभी कैडैटस ने डिल, मार्चपास्ट, एनसीसी सोग व स्वच्छता अभियान में विद्यालय स्पोर्टस कॉम्पलेक्स की सफाई की। विद्यालय अध्यक्ष नवीन सिहाग ने एनसीसी दिवस पर सभी कैडैटस को अनुशासन और एकता में रहते हूए अपने देश के प्रति समर्पित भाव रखने की प्रेरणा दी। एनओ शिखा गुर्जर ने सभी कैडेटस को प्रेड, डिल व मार्च पास्ट करवाया। एन सी सी एनओं शिखा गुर्जर ने बताया कि राष्ट्रीय केडेट कोर भारतीय संशक्त बलों की युवा शाखा है। यह सेना नौ सेना, वायु सेना से मिलकर बने त्रि संगठन के रुप में स्वैच्छिक आधार पर स्कूल और कॉलेजो में छात्रों को देश के प्रति देश भक्ति के लिए समर्पित भाव रखने की प्रेरणा देता है। युवाओं में चरित्र निर्माण, कामरेडशिप, अनुशासन, धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण, साहस की भावना, देश सेवा के आदर्शो को विकसित करता है और सभी को अनुशासन व एकता में रहने की प्रेरणा दी।


स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।